

दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K

RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-30 अंक-309 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) शुक्रवार 24 जनवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


प्रयागराज महाकुंभ

## संगम में डुबकी लगाने वालों का आंकड़ा 10 करोड़ के पार



प्रयागराज (ए)। प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। यूपी सरकार ने गुरुवार को बताया कि महाकुंभ में गंगा स्नान के लिए आने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या 10 करोड़ के पार हो गई है। ये आंकड़ा आज दोपहर 12 बजे तक का है। महाकुंभ मेला 13 जनवरी को शुरू हुआ था और अभी 26 फरवरी तक चलेगा। आधिकारिक बयान के मुताबिक, तीर्थयात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है, प्रतिदिन लाखों लोग स्नान करने और आध्यात्मिक पुण्य प्राप्त करने के लिए आ रहे हैं। स्नान पर्वों के दौरान यह संख्या करोड़ों में पहुंच जाती है। गुरुवार दोपहर 12 बजे 10 करोड़ का आंकड़ा पार हो गया, जो चल रहे महाकुंभ में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।बयान में यह भी बताया गया कि योगी आदित्यनाथ सरकार ने पहले ही अनुमान लगाया था कि इस साल महाकुंभ में 45 करोड़ से अधिक लोग आएंगे। प्रयागराज आए श्रद्धालुओं में उत्साह और उमंग का माहौल है। देश-दुनिया से लोग त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान करने के लिए बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। सरकार के बयान में कहा गया है, गुरुवार को ही दोपहर 12 बजे तक 30 लाख लोगों ने संगम में स्नान किया, जिसमें 10 लाख कल्पवासी और अन्य श्रद्धालु शामिल हैं। बयान में आगे कहा गया कि 23 जनवरी तक संगम में स्नान करने वाले कुल तीर्थयात्रियों की संख्या 10 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई है। सबसे अधिक तीर्थयात्रियों (करीब 3.5 करोड़) ने मकर संक्रांति पर्व के दौरान स्नान किया था, जबकि पौष पूर्णिमा पर्व में 1.7 करोड़ से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया था। जहां लाखों श्रद्धालु आध्यात्मिक डुबकी लगाने के लिए संगम में उमड़ रहे हैं, वहीं प्रयागराज शहर में जनजीवन सामान्य रूप से जारी है।

### बांग्लादेशी घुसपैठियों को लेकर गृह मंत्रालय सख्त, डीजीपी और मुख्य सचिव को जारी किया ये निर्देश

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने महाराष्ट्र के मुख्य सचिव और डीजीपी को लिखित निर्देश जारी करते हुए बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया है। इससे पहले शिवसेना के नेता और पूर्व सांसद राहुल शेवाले ने घुसपैठियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की थी। बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आदेश दिए जाने के बाद राहुल शेवाले ने गृह मंत्री अमित शाह का आभार जताया है।उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेस (टीआईएसएस) के विशेष सर्वेक्षण के अनुसार, देश में बांग्लादेश और म्यांमार से हर साल अवैध तरीके से बड़ी तादाद में घुसपैठिए आते हैं।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में पराक्रम दिवस के रूप में मनायी जाने वाली जयंती पर राष्ट्रपति भवन में नेताजी सुभाष चंद्र बोस को पुष्पांजलि अर्पित की।

## लोकमाता देवी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती को समर्पित होगी महेश्वर "डेस्टिनेशन कैबिनेट" : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

*मुख्यमंत्री और मंत्रीगण देवी अहिल्याबाई की स्मृति में करेंगे पौध-रोपण आज पूरा मंत्री मंडल रहेगा महेश्वर में*



भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने डेस्टिनेशन कैबिनेट की ऐतिहासिक पहल की है। यह पहल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पर्यटन को बढ़ावा देने की अवधारणा को भी धरातल पर साकार करती है। शुक्रवार 24 जनवरी को लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की नगरी महेश्वर में राज्य सरकार कैबिनेट की बैठक करने जा रही है, जो देवी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती वर्ष को समर्पित होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई का सम्पूर्ण जीवन लोक-कल्याण और सुशासन को समर्पित रहा है।राज्य सरकार देवी अहिल्याबाई द्वारा महिला सशक्तिकरण, किसान-कल्याण, सुशासन की दिशा में दिखाए मार्ग पर चलकर समग्र विकास को चरितार्थ करने के लिये संकल्पित है। लोकमाता देवी अहिल्याबाई के सिद्धातों एवं आदर्श राज्य की नीति एवं निर्माण में समाहित किया जायेगा। उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए महिला नेतृत्व एवं सशक्तिकरण की दिशा में सरकार ने प्रभावी कदम बढाए हैं।

### स्टेट बैंक शाखा से 33 करोड़ की धोखाधड़ी, सीबीआई ने दर्ज किया केस


शिमला ,(आरएनएस)। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने हैदराबाद की एक निजी कंपनी के दो निदेशकों समेत कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ बैंक के साथ 33 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का केस दर्ज दर्ज किया है। भारतीय स्टेट बैंक की बद्दी शाखा के सहायक महाप्रबंधक की शिकायत पर सीबीआई ने एंटी करप्शन ब्यूरो, शिमला में केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। आरोप है कि कंपनी के मुख्य प्रबंध निदेशक संधरपल्ले वेंकटैया, निदेशक गुड्लुरु मस्तान ने अज्ञात लोक सेवकों और निजी व्यक्तियों के साथ मिलीभगत कर बैंक से धोखा किया।आरोप है कि पहले से गिरवी रखी संपत्तियों को बैंक की बिना सहमति से निपटाने और हटाने का प्रयास किया।

### हिंद-प्रशांत क्षेत्र में यथास्थिति बदलने का एकतरफा प्रयास बर्दाश्त नहीं



नई दिल्ली(ए)। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनते ही वाशिंगटन डीसी में अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया को लेकर बनाए गए चतुष्कोणीय क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की पहली महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें समूह ने एकजुटता के साथ चीन को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि वह हिंद-प्रशांत क्षेत्र (आईपीआर) में बलपूर्वक या जबरदस्ती यथास्थिति को बदलने के किसी भी एकतरफा प्रयास का सख्त लहजे में विरोध करेंगे। यह जानकारी बुधवार को विदेश मंत्रालय द्वारा इस बैठक के बाद जारी किए गए संयुक्त बयान से मिली है।बैठक में क्वाड विदेश मंत्रियों ने एक खुले हुए, स्वतंत्र आईपीआर को मजबूती प्रदान की साझा प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा, ये एक ऐसा क्षेत्र है जहां कानून का शासन, लोकतांत्रिक मूल्य, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को समर्थन के साथ उसकी रक्षा की जाती है। साथ ही इस साल के अंत तक भारत में क्वाड शिखर सम्मेलन के आयोजन की सभी ने पुष्टि की और कहा कि इसकी तैयारियों को लेकर हम सभी नियमित आधार पर एक साथ मुलाकात करेंगे। क्वाड शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत का दौरा कर सकते हैं।

## उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर की भस्म आरती में अब नहीं ले जा सकेंगे ये चीज, मंदिर समिति ने लगाई रोक



उज्जैन ,(आरएनएस)। मध्य प्रदेश की धार्मिक नगरी उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर की भस्म आरती में श्रद्धालुओं के मोबाइल ले जाने पर रोक लगा दी गई है। भस्म आरती में मौजूद रहने वाले पुजारियों के संदर्भ में अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है। पिछले काफी दिनों से उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर परिसर में रील बनाने के मामले सामने आए हैं। इसके बाद से मोबाइल के ले जाने पर रोक लगाए जाने की मांग उठ रही थी।

मंदिर समिति के सुरक्षा अधिकारी जयंत सिंह राठौड़ ने बताया है कि महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में होने वाली भस्म आरती के दौरान मोबाइल पर पूर्णत: प्रतिबंध लगा दिया गया है। 23 जनवरी से यह नियम लागू होगा। उन्होने बताया है कि श्रद्धालुओं से मोबाइल मंदिर के प्रवेश द्वार पर ही जमा करवा लिए जाएगा और लौटते वक्त दिए गए टोकन नंबर में माध्यम से मोबाइल लौटा दिया जाएगा।जब उनसे पूछा गया कि मंदिर के पुजारी और सुरक्षाकर्मियों के लिए क्या व्यवस्था रहेगी, इस पर उन्होने कहा कि हालांकि मंदिर के सुरक्षा कर्मियों और पुजारी, पुरोहितों के लिए ये निर्णय अभी लागू नहीं है।ज्ञात हो कि बीते दिनों मंदिर परिसर व महाकाल लोक में युवतियों द्वारा बॉलीवुड गानों पर रील्स बनाई गई थी। उसके बाद वायरल रील्स से काफी विवाद हुआ था।

### हमने पूरे कैबिनेट के साथ गंगा में डुबकी लगाई, केजरीवाल यमुना में डुबकी लगाएंगे? : योगी आदित्यनाथ



नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा के स्टार प्रचारक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी और उसके मुखिया अरविंद केजरीवाल पर यमुना की सफाई तथा दूसरे मुद्दों को लेकर जमकर हमला बोला। उन्होंने यूपी की भाजपा सरकार के कामकाज से तुलना करते हुए कहा कि उनकी पूरी कैबिनेट ने महाकुंभ नगर में गंगा में डुबकी लगाई है, क्या केजरीवाल यहां यमुना में डुबकी लगाने की हिम्मत कर सकते हैं?

योगी आदित्यनाथ ने किराड़ी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यमुना के प्रदूषण के परिप्रेक्ष्य में कहा, क्या केजरीवाल यमुना में डुबकी लगा सकते हैं? केजरीवाल ने यमुना को नाला बना दिया। हमने पूरी कैबिनेट के साथ संगम में डुबकी लगाई। उन्होंने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी ने ओखला का विकास नहीं होने दिया जबकि हमने उत्तर प्रदेश में न्यू ओखला के रूप में पूरा नगर विकसित किया। आप के नेताओं को नोएडा और ग्रेटर नोएडा की स्थिति जाकर देखनी चाहिए।उल्लेखनीय है कि नोएडा का पूरा नाम न्यू ओखला इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी है। यूपी के सीएम ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेताओं के घर में आधार कार्ड की मशीन के माध्यम से बांग्लादेशी घुसपैठियों को अवैध आधार कार्ड दिए गए। ये लोग देश और जनता को धोखा दे रहे हैं। अब दिल्ली की जनता इनके झांसे में नहीं आएगी। ये लोग कहते हैं कि इन्होंने दिल्ली को बिजली-पानी दिया।

### जलगांव रेल दुर्घटना : 13 मृतकों में चार नेपाली नागरिक शामिल, राहुल गांधी बोले- 'दोषियों को सख्त सजा मिले

नई दिल्ली (आरएनएस)। महाराष्ट्र के जलगांव रेल हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में चार नेपाली नागरिक भी शामिल हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को इस हादसे की तुरंत जांच और दोषियों को कड़ी सजा की मांग की है।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, महाराष्ट्र के जलगांव में हुए भीषण ट्रेन हादसे में कई लोगों के मौत और कईयों के घायल होने की ख़बर बेहद दुखद और व्यथित करने वाली है। शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की आशा करता हूं। सरकार और प्रशासन सुनिश्चित करें कि घायलों का बेहतर से बेहतर इलाज हो। उन्होंने आगे कहा, मैं कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अनुरोध करता हूं कि राहत और बचाव कार्यों में प्रशासन की मदद करें। आग लगने की अफवाह कैसे फैली और इतना भीषण हादसा कैसे हुआ इसकी त्वरित जांच होनी चाहिए और दोषियों को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए।महाराष्ट्र के जलगांव में लखनऊ-मुंबई पुष्पक एक्सप्रेस ट्रेन में आग लगने की अफवाह के बाद यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई थी। जिसके बाद कई यात्री ट्रेन से कूद गए और दूसरी आ रही ट्रेन की चपेट में आ गए। जलगांव के कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय द्वारा प्रस्तुत महाराष्ट्र सरकार की रिपोर्ट के अनुसार, दुर्घटना बुधवार को लगभग 5:05 बजे हुई।

### तीसरी आंख




## देवी अहिल्याबाई : जनकल्याण, सुशासन और सांस्कृतिक पुनरुत्थान की प्रणेता

भोपाल (ए.) । देवी अहिल्या बाई होलकर का जीवन समाज, संस्कृति और राष्ट्र के लिए समर्पित रहा। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व भारत की अमोल निधि है। उन्हें समाज ने पुण्य-श्लोका, लोकमाता, मातोश्री, न्यायप्रिया, प्रजावत्सला, राजमाता आदि से संबोधित किया। यह संबोधन समाज का उनके प्रति सम्मान, श्रृद्धा और आदर्श भाव को प्रकट करते है। उनकी कार्य शैली, व्यवहार, कर्म-कर्तव्य का पालन, विपरीत और विषम परिस्थिति में भी स्थिर रहना, उचित समय पर उचित निर्णय, दूरदृष्टि, संकल्प की दृढ़ता, प्रशासनिक कौशल अद्भुत था। उनके कालजयी विचार और व्यवहार हर युग में 'बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय' का संदेश देते हैं।व्यक्ति निर्माण, समाज निर्माण, नारी सशक्तिकरण, प्रकृति-पर्यावरण संवर्धन और भारत के सांस्कृतिक गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा का जो कार्य अहिल्याबाई होलकर ने किया यह उनके विराट व्यक्तित्व को अभिव्यक्त करता है। उन्होंने परिपूर्ण सुशासन व्यवस्था, स्वावलंबी आत्मनिर्भर समरस समाज, सुरक्षित समृद्ध राज्य का एक आदर्श प्रस्तुत किया। शासन का ऐसा अद्भुत संयोग बिरला ही होता है। जिस तरह पूज्य शंकराचार्य जी ने चारों दिशाओं में चार मठों की स्थापना कर सनातन संस्कृति को पुनर्स्थापित किया। ठीक उसी तरह देवी अहिल्याबाई होलकर ने पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक हमारे विखंडित मान बिंदुओं को स्थापित किया और देशभर में सांस्कृतिक गौरव की पुनप्रतिष्ठा की तथा भारत को एक सूत्र में पिरोया। उनका शासनकाल मालवा का स्वर्णकाल होने के साथ राष्ट्र के सांस्कृतिक अभ्युदय का समय रहा है।असाधारण व्यक्तित्व की धनी देवी अहिल्याबाई का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के तत्कालीन अहमदनगर वर्तमान में अहिल्या नगर जिले के चौंडी गांव में हुआ था। ग्रामीण पृष्ठभूमि में साधारण परिवार में जन्मी अहिल्याबाई अपनी प्रतिभा और क्षमता से विशेष बनीं। मात्र आठ वर्ष की उम्र में वे राजवधु बनकर इंदौर आ गई। अहिल्याबाई को दोनों परिवारों से स्नेह, संबल और संस्कार मिले लेकिन उनका पूरा जीवन विषमता से भरा रहा। वे केवल 29 वर्ष की थीं तभी पति महाराज



खांडेराव वीरगति को प्राप्त हो गये। 1766 में पितृवत स्नेह देने वाले मल्हार राव होलकर का निधन हुआ। इसके बाद पुत्र मालेराव का निधन और फिर दोहित्र का निधन, फिर दामाद का निधन और बेटी का सती होना। वे अपने व्यक्तिगत जीवन में जितनी शांत, सरल और भावनात्मक थीं, राजकाज और राष्ट्र संस्कृति की रक्षा में उतनी ही संकल्पनिष्ठ और दृढ़ प्रतिज्ञ। इसीलिये उनके कार्यकाल में होलकर राज्य ने चहुंमुखी उन्नति की। उन्होंने राज्य को भगवान शिव को अर्पित कर दिया और स्वयं को केवल निमित्त माना। वे कहती थीं कर्ता भी शिव, कर्म भी शिव, क्रिया भी शिव और कर्मफल भी शिव। वे राज्य के आदेश पर अपने हस्ताक्षर नहीं करती थीं। केवल राजमुद्रा लगाती थीं जिस पर श्रीशंकर अंकित था।

**कुशल राजनीतिज्ञ**

महाराज मल्हार राव होलकर की मृत्यु उपरांत अहिल्याबाई ने कुशल राजनीतिक सूझबूझ से राज्य को युद्ध के संकट में जाने से बचा लिया। अहिल्याबाई एक कुशल सैन्य संचालक भी थीं। वे तलवार, भाला और तीर कमान चलाने में निपुण थी। वे हाथी पर बैठकर युद्ध करती थीं।

**सामाजिक समरसता**

अहिल्याबाई की दृष्टि में जन्म, जाति, वर्ग या वर्ण से परे योग्यता महत्वपूर्ण थी। सामाजिक समरसता के इस सिद्धांत की झलक उनके मंत्रि-परिषद, उनके द्वारा बसायी गई बस्तियों में, सुरक्षा टोलियों के गठन और कृषि भूमि आवंटन में दिखती है। उन्होंने अपनी पुत्री का विवाह भी जन्म या जाति देखकर नहीं अपितु योग्यता देखकर किया। उन्होंने जब शासन संभाला तब राज्य में अराजकता का वातावरण था। उन्होंने घोषणा की कि जो भी नायक आंतरिक अपराधों को नियंत्रित करके शांति स्थापित करेगा उससे अपनी बेटी का विवाह करेंगी। नायक यशवंत राव फणसे ने यह काम पूरी क्षमता से किया। रानी ने सैन्य भर्ती अभियान चलाया एक आंतरिक सुरक्षा के लिये और दूसरा बाह्य युद्ध के लिये। उन्होंने घुमुन्तू समाज के सदस्यों तथा भीलों को सेना में भर्ती कर लिया तथा सीमा क्षेत्र के गांव में बसा दिया। कल तक जो दल अपराध समूह में थे वे अब गांवों की रक्षा कर रहे थे। इससे शांति व्यवस्था बनी। गाँव के वातावरण में स्थायित्व आया, कृषि उत्पादन बढ़ा।

**कृषि, उद्योग और व्यापार**

महारानी अहिल्याबाई होलकर ने कृषि और वनोपज आधारित कुटीर एवं हस्तकला को प्रोत्साहित किया। कृषि उन्नति के लिये गाँवों में तालाब और छोटी नहरों को विकसित किया। कपास और मसालों की खेती को प्रोत्साहित किया। उन्होंने भील वनवासियों और घुमन्तु टोलियों के सुरक्षा दस्ते बनाने के साथ खाली पड़ी जमीन पर खेती करने की योजना लागू की।

राजधानी समाचार

शुक्रवार 24 जनवरी 2025, नर्मदापुरम (होशंगाबाद)





## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर दादाजी धाम मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना

भोपाल (आरएनएस)।अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर दादाजी धाम मंदिर में आज धार्मिक आयोजन किया गया। मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया और भगवान सीताराम एवं हनुमान जी का विशेष श्रृंगार किया गया।बुधवार की सुबह से ही धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू हुई। श्री राम संकीर्तन, भजन, रामरक्षा स्तोत्र, पुरुषसूक्त पाठ, हनुमान चालीसा पाठ, नर्मदाष्टक, भैरव अष्टक पाठ और श्री सूक्त का पाठ किया गया। विधि-विधान से भगवान श्री राम का विशेष अभिषेक किया गया।कार्यक्रम में श्री श्री 1008 श्री दादाजी गुरुदेव चैरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारी, जिनमें अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष और ट्रस्टी शामिल थे, विशेष रूप से उपस्थित रहे। मंदिर व्यवस्था समिति के सदस्य भी इस अवसर पर मौजूद रहे। दोपहर 12 बजे महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया। इसके बाद सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम को दीप उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने दीप प्रज्वलित कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

## आरजीपीवी में जूनियर सिर्च फैलो के लिए ओवदन चार फरवरी तक

भोपाल,(आरएनएस)। राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विवि (आरजीपीवी) में जूनियर रिसर्च फैलो (जेआरएफ) के लिए आवेदन चार फरवरी तक जमा होंगे। जूनियर रिसर्च फैलो की भर्ती संविदा आधार पर कर प्रोजेक्ट की अवधि 36 माह तय की गई है। इसके लिए स्टूडेंट्स की योग्यता बैचलर ऑफ साइंस चार ईयर प्रोग्राम, बी फार्मा, एमएससी, बीई, बीटेक या समकक्ष डिग्री न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक के साथ जरूरी है।

## राजधानी एक्सप्रेस अब यादगीर रेलवे स्टशन पर भी हॉल्ट लेगी

भोपाल,(आरएनएस)। रेल प्रशासन द्वारा भोपाल मंडल से गुजरन वाली 22691/2269 बेंगलुरु-हजरत निजामुद्दीन-बेंगलुरु राजधानी एक्सप्रेस को द मध्य रेलवे के यादगीर स्टेशन पर दो मिनट का हॉल्ट दिया गया है। 27 जनवरी से गाड़ी संख्या 22692 हजरत निजामुद्दीन-बेंगलुरु राजधानी एक्सप्रेस यादगीर स्टेशन पर रात 8:38 बजे पहुंचेगी। वापसी में 28 जनवरी को 22691 बेंगलुरु-हजरत निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस यादगीर स्टेशन पर दोपहर 3.03 बजे आएगी।

## एम्स के विशेषज्ञ बोले-हिंदी में लिखें पर्चा, ताकि मरीज समझ सकें

भोपाल,(आरएनएस)। मरीज का पर्चा ऐसा लिखा हो जो उसे समझ आए। इससे एक बेहतर तरीके से बीमारी को समझ सकेगा। यह बात एम्स में गत दिवस आयोजित हिंदी कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों ने कही। इस दौरान एम्स के निदेशक डॉ. अजय सिंह ने कहा कि हिंदी में काम करने की आदत डालने के लिए इस तरह की कार्यशाला काफी महत्वपूर्ण होती है। हम अपने कामकाज में हिंदी के सरल ओर प्रचलित शब्दों को अपनएं, जिससे कि लोगों को समझने में असानी हो।

## सवारी डिब्बा पुननिर्माण कारखाना भोपाल को मिला पर्यावरण अवॉर्ड

भोपाल,(आरएनएस)। सेफ्टी काउंसिल द्वारा सावारी डिब्बा पुनिनिर्माण कारखाना भोपाल को 2024-25 के लिए स्वासथ्य, सुरक्षा और पर्यावरण कैटेगरी में अवॉर्ड से नवाजा गया है। कारखाने के मुख्य सुरक्षा अधिकारी जीआर भिण्डिया एवं सुरक्षा अधिकारी योगेश केकाले को यह अवॉर्ड प्रदान किया गया। सेफ्टी काउंसिल मप्र द्वारा यह अवॉर्ड कारखाने में स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए दिया जाता है। मुख्य कारखाना प्रबंधक प्रफुल्ल वी कोहाडे के मुताबिक कारखाने में सुरक्षा संबंधित मापदंड उच्च स्तर के हैं।

## पत्नी ने महाकुंभ में लगाई आस्था की डुबकी, पति ने मांगा तलाक

भोपाल (आरएनएस)। आस्था का महाकुंभ इन दिनों हर तरफचर्चा में है। लेकिन भोपाल के एक कपल के बीच यह तलाक का कारण बनता नजर आ रहा है। मना करने के बाद भी महाकुंभ जाने से नाराज एक पति ने पत्नी को तलाक देने की तैयारी में है। उसका कहना है, उसे साध्वी नहीं, ऐसी पत्नी चाहिए जो सजे-संवरे और उसकी इच्छाओं का ध्यान रखें। पत्नी भी जिद पर अड़ी है कि वह अपनी धार्मिक वेशभूषा नहीं बदलेगी। आमतौर पर पतियों की शिकायत होती है कि पत्नियां बनने-संवरने में बहुत पैसा और समय व्यर्थ कर देती हैं। इस मामले में पति की शिकायत है कि पत्नी न तो कभी पार्लर जाती है और न मेकअप करती है। उसे अट्रैक्टिव दिखने में दिलचस्पी नहीं है। सहेलियों के ग्रुप के साथ तीर्थस्थानों पर घूमती रहती है। उसने कई बार इच्छा जताई कि परिवार पहाड़ी क्षेत्र या फिर रोमांटिक जगह घुमने जाए, लेकिन वह माना कर देती है। बता दें, पति प्रायवेट जॉब में है। परिवार उच्च माध्यम वर्गीय वर्ग से आता है। 25 साल की शादी में उनके दो बच्चे हैं। बेटी की दो माह पहले शादी हुई है।

## हर माह 11 लाख खर्च फिर भी सडक़ पर गौवंश

भोपाल (आरएनएस)। भोपाल नगर निगम की गोवर्धन शाखा में कार्यरत नियमित अधिकारी, विनियमित और दैवेभो कर्मचारियों के वेतन, भत्ते वाहन आदि साथी चीजों को मिलाकर हर महीने करीब 11 लाख रुपये खर्च होते हैं। जबकि इस शाखा का मुख्य कार्य राजधानी की सडक़ों पर घूम रहे बेसहारा गौवंश को पकडऩे का है। शाखा के अमले ने पिछले ढाई महीने में दो हजार गौवंश को पकड़ा है। इस हिसाब से देखा जाए तो एक बेसहारा गौवंश को पकडऩे का औसतन खर्च करीब 1300 रुपये है। चौंकाने वाली बात यह है कि हर महीने लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद शहर की सडक़ों से बेसहारा गौवंश कम नहीं हो रहे। हालांकि यह आंकड़ भी ग्राम की स्थिति उत्पन्न कर रहे हैं। शाखा प्रमुख दावा करते हैं कि शहर में 500 से अधिक डेयरियां हैं, जहां छह हजार से अधिक पशु हैं। निगम की गोवर्धन शाखा के ढाई माह के आंकड़ां के अनुसार प्रति माह करीब 800 गौवंश पकड़े जा रहे हैं।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नेताजी सुभाष चन्द्रबोस की जयंती पर पुष्पांजली अर्पित की।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम से जाना जायेगा भोपाल का नव निर्मित फ्लाई-ओवर : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### खुली जीप में फ्लाई-ओवर का अवलोकन कर नागरिकों का किया अभिवादन

भोपाल (ए.) । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज भोपाल को मिली 154 करोड़ रूपये की लागत के फ्लाई-ओवर की सौगात नगर के विकास को गति देगी। यह नव निर्मित फ्लाई-ओवर हमारे महान देशभक्त और संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम से जाना जायेगा। उन्होंने कहा कि भोपाल, देश का दिल है। यह देश की सुंदरतम राजधानी है। वर्ष 1956 में जब मध्यप्रदेश का गठन हुआ था, उस समय भोपाल एक छोटा सा गांव था। लंबे समय तक इसका विकास रुका रहा। हमारी सरकारों ने इसका विकास किया। अब भोपाल का तेज गति से विकास किया जाएगा। तीन किलोमीटर लंबा नव निर्मित फ्लाई-ओवर गायत्री मंदिर से गणेश मंदिर तक बनाया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह सुयोग है कि आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर इसका लोकार्पण हो रहा है। यह पुल एक और नेताजी सुभाष चंद्र सेतु और दूसरी ओर वीर सावरकर



सेतु को मिलाएगा। बड़ी चुनौतियों के बीच इस ब्रिज का निर्माण हुआ है, इसके लिए लोक निर्माण मंत्री और उनका विभाग बधाई के पात्र है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बावड़िया-कलां क्षेत्र में आवागमन की सुविधा की दृष्टि से 180 करोड रुपए की लागत से फ्लाई-ओवर बनाए जाने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द बैरागढ़ ब्रिज का भी लोकार्पण किया जाएगा।

## सौरभ शर्मा मामले में छह गांवों का रिकॉर्ड तलब करेगी ईडी

भोपाल(आरएनएस)। लोकायुक्त, आयकर और ईडी के छापों के बाद चर्चा में आए परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के ठिकानों से बरामद संपत्ति के दस्तावेजों को



लेकर ईडी अब भोपाल के आस-पास स्थित छह गांवों का रिकॉर्ड तलब करने जा रही हे। सौरभ शर्मा के यहां छापों के दौरान बरामद प्रॉपर्टी के कई कागजात अन्य नामों से भी मिले हैं। इनकी पूरी पड़ताल के लिए रिकॉर्ड तलब किया जाएगा। ईडी इसके अलावा हाल ही में आयकर छपों के बाद चर्चा में आए राजेश शर्मा की त्रिशूल कंस्ट्रक्शन के साथ सौरभ के बिजनेस कनवेंशन की जांच भी करेगा। दोनों छापों के दौरान ये समानता देखने को मिली है कि सौरभ शर्मा और राजेश शर्मा के ठिकानों से भोपाल से सटे गांवों की बेशकीमती जमीनों की खरीद-फरोख्त के दस्तावेज मिले हैं। अब ईडी को यह शक है कि सौरभ और उसके राजेश का आपस में बिनेस कनेक्शन रहा है। ईडी से जुड़े सूत्रों के अनुसार मेंडोरा-मेंडोरी, बरखेड़ा नाथू, बरखेड़ी बाजयाफ्त, निपानिया, रोलूखेड़ी समेत लगभग आधा दर्जन गांवों का रिकॉर्ड तलब किया जाएगा।

# बजट संवाद में विषय-विशेषज्ञों से प्राप्त सुझावों को बजट में किया जायेगा शामिल : उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा

### बेहतर और जनोपयोगी होगा वर्ष 2025-26 का बजट





भोपाल (आरएनएस)। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा है कि विभिन्न क्षेत्रों के विषय-विशेषज्ञों एवं हितधारकों द्वारा मध्यप्रदेश बजट 2025-26 से प्राप्त सुझावों को बजट में शामिल किया जायेगा। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में बजट संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प वर्ष 2047 तक भारत को विश्व में विकसित राष्ट्र के रूप में नम्बर वन पर लाना है। उन्होंने कहा कि आने वाले 25 वर्षों में हमारा देश विश्व गुरु के रूप में स्थापित हो, यह बजट संवाद उसी कड़ी का हिस्सा है।

उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि हमारा देश विश्व में विकसित ही नहीं, बल्कि आर्थिक रूप से भी मजबूत बनेगा। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि बजट पर संवाद कार्यक्रम में उपस्थित विषय-विशेषज्ञों ने अपने प्रस्तुतिकरण में कई सुझाव दिये हैं, जिससे कई क्षेत्रों में और काम करने की गुंजाइश है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार का वर्ष 2025-26 का बजट बेहतर और जनोपयोगी होगा। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने विषय-विशेषज्ञों से कहा कि आप सभी से बजट के संबंध में मार्गदर्शन लिया है। उन्होंने कहा कि लिखित में भी आप अपने सुझाव दे सकते हैं। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि यह बड़ा संयोग है कि आज स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती है, दो दिनों बाद गणतंत्र दिवस है और प्रयागराज में कुंभ चल रहा है, ऐसे समय में हम प्रदेश के बजट पर संवाद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि निश्चित ही यह संवाद हम सबके लिये दूरगामी सकारात्मक परिणामों को सार्थक करने का कदम साबित होगा।बजट संवाद में नाबार्ड के उप महाप्रबंधक सुशील कुमार ने किसानों की सुविधा के लिये मंडियों को ग्रामीण आबादी के नजदीक लाने का सुझाव दिया। मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक के चेयरमेन आर.सी. बेहरा ने ऑर्गेनिक फार्मिंग को बढ़ावा देने के लिये बजट में प्रावधान करने के लिये कहा। सरपंच सुश्री भक्ति शर्मा ने महिला स्वास्थ्य, कानूनी सहायता, बेहतर इन्फ्रा-स्ट्रक्चर और स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने की बात कही। युवा किसान प्रतीक पाटीदार भोपाल ने खेती को बढ़ावा देने का सुझाव दिया। किसान जितेन्द्र सिंह रायसेन ने बाँस के लिये बाजार व्यवस्था पर प्रकाश डाला। फिल्म प्रोड्यूसर नरेन कुमार ने सुझाव दिया कि मध्यप्रदेश में स्थानीय व्यवस्था मुहैया होगी तो वॉलीवुड के लिये काम करने में आसानी होगी। ग्राहक पंचायत के अलंकार वशिष्ठ ने खाद्य पदार्थों की जाँच सुविधा सुदृढ़ करने का सुझाव दिया।

## उद्यानिकी फसलों के लिए बनेगी पृथक मंडी : मंत्री श्री कुशवाह

### उद्यानिकी मंत्री ने एक माह में सर्वे रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये



भोपाल (ए.)। प्रदेश में उद्यानिकी फसलों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उद्यानिकी फसलों के लिए पृथक उद्यानिकी उपज मंडी बनाई जाएगी। राज्य शासन द्वारा लिए गये निर्णय पर अमल के लिए उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह की अध्यक्षता में उद्यानिकी बोर्ड की बैठक गुरूवार को मंत्रालय में हुई। मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा कि उद्यानिकी फसलों के उत्पादक कृषकों को उनकी फसल का उचित दाम दिलावाने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा पृथक से उद्यानिकी फसल उपज मंडी बोर्ड बनाने पर कार्य प्रारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की ऐसी प्रमुख 11 कृषि उपज मंडी इंदौर, बुरहानपुर, शाजापुर, मंदसौर, उज्जैन, बदनावर, रतलाम, नीमच, भोपाल, जावरा और शुजालपुर, जिनमें एक लाख टन से अधिक उद्यानिकी फसलों की आवक होती है, ऐसी मंडियों में प्रथम चरण में बोर्ड बनावर उद्यानिकी फसलों के विक्रय के लिये पृथक से परिसर बनेगा। मंत्री श्री कुशवाह ने निर्देश दिये कि संचालक उद्यानिकी, प्रबंध संचालक मंडी बोर्ड प्रबंध संचालक एमपी एग्रो एवं विशेषज्ञों की टीम एक माह में विस्तृत सर्वे कर सलाहकार बोर्ड के समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगी। श्री कुशवाह ने कहा यह उद्यानिकी उपज मंडी पूर्णत: हाईटैक होंगी, जिनमें फसल उत्पादक किसान सीधा उपभोक्ताओं को अपनी फसल का विक्रय कर सकेगा। यह व्यवस्था बिचौलियों से मुक्त होगी।वर्तमान में म.प्र. कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 के अधीन म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड का गठन किया गया है।

# वन विहार में "मैं भी बाघ'' और "हम हैं बदलाव'' थीम पर शिविर

भोपाल (ए.)। वन विभाग द्वारा अनुभूति कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूली विद्यार्थियों को वन्य-जीव और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिये वन विहार में शिविर आयोजित किया गया। शिविर मैं भी बाघ'' और हम हैं बदलाव'' थीम पर आधारित था। शिविर में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीएम राइज सरदार पटेल स्कूल करोंद भोपाल के 123 छात्र-छात्राओं और 5 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। शिविर में छात्र-छात्राओं को अनुभूति बुक, बैग, कैप, ब्रोशर के साथ जलीय पक्षी, स्थलीय पक्षी, तितली प्रजाति, गिद्ध कुंजी के ब्रोशर भी दिये गये। छात्र-छात्राओं को पक्षी दर्शन, वन्य-जीव दर्शन, प्रकृति पथ-भ्रमण और स्थल पर विद्यमान वानिकी गतिविधियों की जानकारी दी गयी। छात्र-छात्राओं को पर्यावरण से संबंधित रोचक गतिविधियाँ भी करायी गयीं। छात्र-छात्राओं को बाघ पर बनी फिल्म भी दिखायी गयी। शिविर में वन्य-जीवों का रेस्क्यू कैसे किया जाता है, इसके संबंध में वन विहार में उपलब्ध रेस्क्यू वाहन के माध्यम से रेस्क्यू टीम द्वारा अवगत कराया गया। अनुभूति कार्यक्रम के मास्टर ट्रेनर एस.के. खरे, सेवानिवृत्त उप वन संरक्षक, बॉयोलॉजिस्ट विजय बाबू नंदवंशी द्वारा छात्र-छात्राओं को वन्य-जीव और पर्यावरण के



बारे में जानकारी दी गयी। शिविर के समापन अवसर पर संचालक वन विहार मीना अवधेश कुमार शिव कुमार, सहायक संचालक वन विहार सुनील कुमार सिन्हा और अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। आगामी अनुभूति शिविर 30 जनवरी को वन विहार में होगा।

## मत्स्य विभाग की टीम का छापा, प्रतिबंधित मांगुर मछलियां नहीं मिली

भोपाल (आरएनएस)। इंसानों के लिए घातक मानी जानी वाली मांगुर मछली के पालन और बिक्री पर सरकार ने प्रतिबंध लगा रखा है। इसके



बावजूद कुछ लोग ज्यादा लाभ कमाने के चक्कर में इन मछलियों का पालन और व्यवसाय कर रहे हैं। मत्स्य विभाग ने सूचना मिलने के बाद इतवारा मछली मार्किट मे छापा मारा हलाकि छापा में कुछ नहीं मिला टीम को बैरंग लौटना पड़ा। मत्स्य विभाग के सहायक संचालक शिरीष अग्निहोत्री के नेतृत्व में कार्यवाही की गई है। सहायक संचालक शिरीष अग्निहोत्री ने बताया कि इससे पहले हबीबगंज मार्किट मे भी रेड की थी वहाँ भी कुछ नहीं मिला था हलाकि खबरें बराबर मिल रही है ये कार्यवाही लगातार चलती रहेगी। बता दे की मांगुर मछली पर प्रतिबंध लगाने के पीछे इससे होने वाला पर्यावरण और स्वास्थ्य को नुकसान है। मांगुर मछली के खाने से कैंसर और कई गंभीर रोग हो सकते हैं। यह मछली मांस खाती है, जिसकी वजह से इसका शरीर बहुत तेजी से बढ़ता है। मांगुर मछली में आयरन और लेड बहुत अधिक मात्रा में पाया जाता है, जिसके कारण यह इंसान और पर्यावरण दोनों के लिए खतरनाक है। कहा जाता है कि मांगुर मछली जिस तालाब या जलाशय में रहती है, वहां दूसरी प्रजाति की एक भी मछली या कीड़े-मकोड़े तक नहीं बचते।

# खुले में कचरा फेंककर मोटर साइकिल से भाग रहे व्यक्ति को निगम अमले ने दो किमी. पीछा कर पकड़ा और जुर्माना भी किया

भोपाल (आरएनएस)। नगर निगम द्वारा साफ-सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों व वायु गुणवत्ता को प्रभावित करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही निरंतर जारी है। इसी तारतम्य में निगम के समस्त 21 जोनों के स्वास्थ्य विभाग के अमले के दलों ने बुधवार को 962 प्रकरणों में 01 लाख 25 हजार 900 रूपये स्पॉट फाईन के रूप में वसूल किए। निगम अमले ने सीएंडडी वेस्ट के 14 प्रकरणों में 04 हजार 400 रूपये की राशि स्पॉट फाईन/जुर्माने के रूप में वसूल की। जोन क्रमांक 14 के अमले ने बरखेड़ा पठानी क्षेत्र में खुले में कचरा फेंककर मोटर साइकिल से भागने वाले व्यक्ति का 02 किमी. पीछा कर पकड़ा और 200 रूपये की राशि स्पॉट फाईन के रूप में वसूल की साथ ही खुले स्थान पर मूत्र त्यागने वाले व्यक्ति से भी जुर्माना वसूल किया।

निगम प्रशासन ने भवन निर्माताओं से अपील की है कि वह भवन निर्माण के समय ग्रीन नेट का पूरी तरह उपयोग करें और शहर के वायु गुणवत्ता में सुधार हेतु सहयोग करें अन्यथा निगम प्रशासन द्वारा निरंतर सख्त कार्यवाही की जायेगी।

निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले ने बुधवार को जोन क्षेत्रों में सीएंडडी वेस्ट व भवन निर्माण सामग्री सड़कों, सार्वजनिक स्थलों पर फैलाने वालों तथा निर्माणाधीन भवनों पर ग्रीन नेट न लगाने वालों के विरूद्ध अभियान के तहत कार्यवाही की। निगम अमले ने सड़कों पर कचरा, गंदगी फैलाने, दो डस्टबिन न रखने, कचरा पृथक-पृथक न रखने, खुले स्थानों पर मूत्र विसर्जित करने, प्रतिबंधित पालीथीन का उपयोग करने सहित अन्य प्रकार से साफ-सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की और सभी प्रकार के प्रकरणों में स्पॉट फाईन/जुर्माने की राशि वसूल की। निगम के अमले ने सीएंडडी वेस्ट सड़कों पर फैलाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए जोन क्रमांक 02 के अमले ने 02 प्रकरण में 01 हजार 100 रूपये, जोन क्रमांक 04 के अमले ने 07 प्रकरण में 01 हजार रूपये, जोन क्र. 18 के अमले ने 02 प्रकरण में 01 हजार रूपये, जोन क्र. 09 के अमले ने 01 प्रकरण में 500 रूपये, जोन क्र. 10 के अमले ने 01 प्रकरण में 500 रूपये, तथा जोन क्र. 05 के अमले ने 01 प्रकरण में 300 रूपये सहित कुल 14 प्रकरणों में 04 हजार 400 रूपये की राषि स्पॉट फाईन/जुर्माने के रूप में वसूल की। निगम प्रशासन ने भवन निर्माताओं से अपील की है कि वह भवन निर्माण के समय ग्रीन नेट का उपयोग पूरी तरह से सुनिश्चित करें और शहर में वायु गुणवत्ता सुधार हेतु निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों में सहयोग करें अन्यथा निगम प्रषासन द्वारा निरंतर सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## राजधानी के अस्पतालां में दो-दो दिन तक नहीं बदली जातीं बेड की चादरें

भोपाल,(आरएनएस)। केरल में सरकारी अस्पतालों में भर्ती मरीजों को संक्रमण से बचाने के लिए वार्डों में हर दिन अलग-अलग रंग की चादरों के इस्तेमाल का नियम लागू किया गया है। वहां के स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि रंग तय होने से एक चादर का दूसरी बार उपयोग सात दिन बाद ही होगा। इधर, राजधानी के अस्पतालों में करीब आठ साल पहले यह नियम लागू किया गया था, लेकिन अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही से हर दिन अलग-अलग रंग की दूर, वार्डों में दो-दो दिन तक बेडशीट ही नहीं बदली जाती है। मरीजों को संक्रमण से बचाने के लिए बीते आठ साल में तीन बार नियमों में बदलाव भी किया जा चुका है, बावजूद स्थिति नहीं सुधरी।

मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. अविनाश वर्मा के मुताबिक, गंदी चादरों में बैक्टीरिया होने की आशंका रहती है, जो सर्जरी के मरीजों के लिए जानलेवा हो सकता है। वहीं सांस के मरीजों को भी गंदे चादरों की वजह से दिक्कत हो सकती है। उनके अनुसार, इससे सबसे ज्यादा खतरा बच्चों को होता है।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## भगोड़े अपराधियों के खिलाफ मुहिम

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि समय आ गया है कि अपराध करने के बाद देश फरार भगोड़ों को पकडऩे और उन्हें न्याय के कठघरे में लाने के लिए आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल करे।

केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा विकसित भारतपोल पोर्टल लॉन्च करते हुए शाह ने कहा कि इससे देश की हर जांच एजेंसी और पुलिस बल सरलता से इंटरपोल के साथ जुड़ कर जांच को रफ्तार दे सकेगा।

मोदी सरकार द्वारा लाए गए तीन नये आपराधिक कानूनों में आरोपियों की अनुपस्थिति में ट्रायल के प्रावधान को जोडऩे की चर्चा करते हुए उन्होंने हथियारों और मादक पदाथरे व मानव तस्करी और सीमापार होने वाले आतंकवाद के खिलाफ नई व्यवस्था को सहायक बताया।


भारतपोल के पांच प्रमुख प्रारूप कनेक्ट, इंटरपोल नोटिस, रेफरेंस, ब्राडकास्ट और रिसोर्स के माध्यम से कानून प्रवर्तन एजंसियों के लिए तकनीकी रूप से मददगार साबित होने की उम्मीद है। इसके 195 देशों के इंटरपोल से ब्राडकास्ट के जरिए सीधा जुडऩे से दस्तावेज और जरूरी जानकारियों का लेन-देन आसान हो जाएगा।

इसकी विशेषता रिअल टाइम इंटरफेस भी है जो सीधा संवाद स्थापित करेगी। अब तक सीबीआई, आईएओ और यूओ के बीच संचार ई-मेल तथा फैक्स द्वारा ही संभव था। अंतरराष्ट्रीय डाटा सुरक्षित रखने, रेडकॉर्नर नोटिस और अन्य कानूनी नोटिसों के आदान-प्रदान में सहूलियत के साथ ही इंटरपोल के उन्नीस प्रकार के डाटाबेस का विश्लेषण तथा अपराधियों को पकडऩे की व्यवस्था हो सकेगी।

भगोड़े अपराधियों को देश वापस लाने में सरकार को लोहे के चने चबाने पड़ रहे हैं जिससे न केवल देशवासियों के समक्ष, बल्कि अंतरराष्ट्रीय जगत में भी कानूनी पकड़ और न्याय-व्यवस्था को लेकर सवालिया निशान लगते रहते हैं। कड़े कानूनों का लाभ तभी है, जब विदेश में छिपे घोषित अपराधियों की धरपकड़ कर उन्हें सजाएं दी जा सकें।

भगोड़ों को पकड़ कर देश वापस लाने के मोदी सरकार के दावों की लंबे समय से फजीहत होती रही है। तय रूप से शाह इस स्थिति से निकलने के प्रति गंभीर होंगे। बेहतरीन होती विदेश नीति का फायदा लेते हुए सरकार को उच्च तकनीक के मार्फत दुनिया भर के भगोड़े अपराधियों के खिलाफ मुहिम चलाने में आसानी होगी।

हैकर्स और जालसाजों द्वारा अति गोपनीय जानकारी में सेंध लगाने की गुंजाइश पर भी नजर रखी जा सकेगी।



दिल्ली की मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले डोर-टू-डोर अभियान का नेतृत्व किया.

# भारत के विकास में प्रवासी भारतीय का बड़ा योगदान

**डॉ. जयंतीलाल भंडारी**

हाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 9 जनवरी को ओडिशा के भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि इस समय जहां प्रवासी भारतीय भारत के विकास में बड़ा योगदान दे रहे हैं, वहीं भारत के टैलेंट का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है।

हमारे प्रोफेशनल दुनिया की बड़ी कंपनियों के जरिए ग्लोब में अपना अभूतपूर्व योगदान रहे हैं। वस्तुत: विदेशों में भारतीय प्रवासी भारत के राजदूत हैं, और अपने-अपने देशों में प्रभाव रखते हैं। ऐसे में भारत ने 2024 तक विकसित देश बनने का जो लक्ष्य रखा है, उसे पाने के लिए प्रवासी भारतीयों से सहयोग अपेक्षित है। अपेक्षा है कि वे भारत की विभिन्न परियोजनाओं में स्वयं निवेश करें और अपने विदेशी मित्रों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

उल्लेखनीय है कि 18वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन के बाद प्रवासी भारत के विकास में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) बढ़ाने के लिए प्रेरित हुए हैं। सम्मेलन में शामिल कई प्रवासी उद्यमी और कारोबारी कहते हुए दिखाई दिए कि वर्ष 2025 में भारतीय प्रवासियों से एफडीआई से संबंधित उजली संभावनाओं को मुट्ठी में लेने के लिए जरूरी होगा कि भारत विदेशी निवेश की सीमा बढ़ाने, नियामक बाधाएं हटाने, बुनियादी ढांचे के विकास, व्यापार-कारोबार में बेहतरी, निवेश की क्षेत्रीय सीमाओं को उदार बनाने, नियामक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, नौकरशाही संबंधी बाधाओं को कम करने और कॉरपोरेट को उनके विवादों को सुलझाने में मदद करने के लिए न्यायिक परिवेश बेहतर बनाने की डगर पर आगे बढ़े।

गौरतलब है कि प्रवासी भारतीयों ने वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी रिपोर्ट पर भी विशेष रूप से ध्यान दिया जिसके मुताबिक देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह अप्रैल, 2000 से सितम्बर, 2024 तक 1000 अरब डॉलर को पार कर गया। खास तौर से चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल से सितम्बर, 2024 के दौरान 42.1 अरब डॉलर का विदेशी निवेश आया। यह निवेश 60 सेक्टर, 31 राज्य और केंद्रशासित क्षेत्रों में रहा है तथा एफडीआई का यह अब तक का रिकॉर्ड प्रवाह है। खास बात यह भी है कि 2014 के बाद से अब तक पिछले 10 वर्षों में 667.4 अरब डॉलर का एफडीआई आया है। भारत के आर्थिक



विकास की यात्रा में एफडीआई का यह विशाल आकार बड़ी उपलब्धि है। यह वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में भारत के बढ़ते प्रभाव को भी दिखाता है। यदि हम भारत में एफडीआई के स्रेत देशों की ओर देखें तो पाते हैं कि भारत में एफडीआई का सबसे बड़ा स्रेत मॉरीशस रहा है। मॉरीशस नेकुल विदेशी निवेश में 25 प्रतिशत का योगदान दिया है। सिंगापुर 24 प्रतिशत एफडीआई के साथ दूसरे स्थान पर है। अमेरिका 10 प्रतिशत निवेश के साथ तीसरे स्थान है। बड़े निवेशक देशों में नीदरलैंड्स, जापान और ब्रिटेन भी शामिल हैं। भारत में जिन क्षेत्रों में विदेशी निवेश आकर्षित हुआ है, उनमें आईटी, फाइनेंशियल सर्विसेज, टेलीकम्युनिकेशंस, ट्रेडिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट कंसल्टेंसी सहित सर्विस सेक्टर प्रमुख सेक्टर हैं। निस्संदेह देश को विदेशी निवेश का पसंदीदा देश बनाने में तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, आर्थिक और वित्तीय सुधारों की अहम भूमिका है। इसमें दो मत नहीं हैं कि प्रवासी भारतीय इस बात से वाकिफ हुए हैं कि वैश्विक स्तर पर सुस्त बाजारों और चीन की आर्थिक रफ्तार सुस्त होने के बीच भारत ने विदेशी निवेश प्राप्त करने का अब तक शानदार मुकाम हासिल किया है। विनिर्माता और निवेशक चीन का विकल्प तलाश रहे हैं, और इस समय एशिया में अधिकांश निवेशकों को भारत से बेहतर कोई देश नहीं दिख रहा। देश की अर्थव्यवस्था की चाल में लगातार सुधार और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) से अच्छा निवेश प्राप्त होने की बदौलत भारतीय शेयरों में तेजी दर्ज की जा रही है। देश में शेयर बाजार ने शानदार प्रदर्शन किया है। विदेशी निवेश की बदौलत भारत विश्व में नई परियोजनाओं की घोषणा करने वाला तीसरा देश बन गया है, और अंतरराष्ट्रीय परियोजना वित्त सौदों में दूसरा सबसे बड़ा देश बन गया है।

निश्चित रूप से देश का बढ़ता मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर देश में एफडीआई की बड़ी ताकत बन गया है। मैन्युफैक्चरिंग आउटपुट में चीन दुनिया में पहले स्थान पर है। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में भी भारत 456 अरब डॉलर विनिर्माण मूल्य के साथ दुनिया में पांचवें स्थान पर है तथा भारत नया विश्व मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की ओर अग्रसर है। भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को जिस तरह सुविधाओं के साथ तेजी से बढ़ाया जा रहा है, उससे दुनिया भर के निवेशक भारत आने के लिए उत्सुक हैं। इस समय भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। अब इसे तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने और भारत को विकसित देश बनाने की डगर पर आगे बढ़ाने के लिए उद्योगपतियों द्वारा अहम भूमिका निभाई जा रही है। हम उम्मीद करें कि 2025 में सरकार प्रवासी भारतीयों और उनके विदेशी मित्रों से भारत के लिए अधिक एफडीआई प्राप्त करने के नये रणनीतिक प्रयास करेगी।एफडीआई के लिए भारत को पसंदीदा देश बनाए जाने की बहुआयामी संभावनाओं को साकार करने के लिए भी सरकार और अधिक प्रयास करेगी। हम उम्मीद करें कि 2025 में भारत की विशाल कौशल-प्रशिक्षित युवा आबादी नवाचार, तकनीकी और डिजिटल नवोन्मेषों के साथ भारत को दुनिया के विदेशी निवेशकों की नजरों में और अधिक पसंदीदा देश बनाने की डगर पर तेजी से आगे कदम बढ़ाएगी। हम उम्मीद करें कि 18वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन के बाद अब 2025 में प्रवासी भारतीयों और उनके विदेशी मित्रों से अधिक एफडीआई प्राप्त होने, भारत की नई लॉजिस्टिक नीति और गति शक्ति योजना के कारगर कार्यान्वयन, नीतिगत सुधारों, उत्पादों के कारोबार के लिए सिंगल विंडो मंजूरी, इंफ्रास्ट्रक्चर, श्रमिकों के नये दौर के अनुरूप शिक्षण-प्रशिक्षण के साथ-साथ विभिन्न आर्थिक और वित्तीय सुधारों से भारत दुनिया के पहले पांच सबसे पसंदीदा एफडीआई वाले देशों के ऊंचे क्रम पर रेखांकित होते हुए दिखाई देगा। इससे देश को 2047 तक विकसित देश बनाने की डगर पर आगे बढऩे में भी मदद मिलेगी।

# वृद्ध लोग समाज के मूल्यवान सदस्य

अमित बैजनाथ गर्ग

हाल ही में सऊदी अरब के रियाद में ग्लोबल हेल्थ स्पैन शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया था, जिसमें स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं पर वक्ताओं ने खुलकर चर्चा की। सम्मेलन में सबसे अहम बात बुजुर्गों के स्वास्थ्य की चिंता के रूप में उभरकर सामने आई।

सम्मेलन में करीब दो हजार से अधिक वैज्ञानिक, उद्यमी, नीति निर्माता और विचारक एकत्रित हुए। उन्होंने बुजुर्ग होते समाज के भविष्य के समक्ष आने वाले महत्त्वपूर्ण प्रश्नों पर गहनता से चर्चा की। उनका कहना है कि दुनिया में स्वस्थ वृद्धावस्था के अप्रयुक्त अवसरों के साथ-साथ उभरते हस्तक्षेप, प्रौद्योगिकी, नीतिगत परिवर्तन और भविष्य के लिए आवश्यक निवेश पर खुलकर चर्चा की जानी चाहिए। सम्मेलन में यह बात भी सामने आई कि आज वैश्विक औसत जीवन प्रत्याशा 73.4 वर्ष है, जिसके बढ़कर सौ साल होने की उम्मीद की जा सकती है।

वक्ताओं ने कहा कि जीवन प्रत्याशा में उल्लेखनीय वृद्धि के बावजूद हमारे जीवन के अंतिम वर्ष अक्सर दीर्घकालिक बीमारी में गुजर रहे हैं। उम्र बढऩे के साथ कई पूर्वाग्रह और बुढ़ापे को सामाजिक और आर्थिक बोझ के रूप में पेश करने की कहानी सामने आ रही है। कोलंबिया विविद्यालय में प्रोफेसर जॉन आर. बिर्यड ने कहा कि कामकाजी उम्र की आबादी में वृद्ध आश्रितों की संख्या का अनुपात नकारात्मक धारणाओं को मजबूत करता है और समाज में वृद्ध वयस्कों के सार्थक योगदान को नजरअंदाज करता है।

अमेरिका और यूरोप में वृद्ध वयस्क भुगतान किए गए काम, स्वयं सेवा और देखभाल के माध्यम से सकल घरेलू उत्पाद का अनुमानित सात फीसद योगदान करते हैं। उन्होंने कहा कि वृद्ध आबादी आर्थिक स्थिरता और नवाचार के लिए भी एक अप्रयुक्त शक्ति हो सकती है। अमेरिका में 50 से अधिक उम्र के उद्यमियों की संख्या साल 2007 के मुकाबले साल 2024 में दोगुनी हो गई है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक जीने से हमें रिटायरमेंट शब्द से भी रिटायर होना पड़ सकता है। अनुमानित जीवनकाल शताब्दी के करीब पहुंचने के साथ हम उम्मीद कर सकते हैं कि हमारा कामकाजी जीवन अतिरिक्त 20-40 वर्षो तक बढ़ जाएगा। यह शिक्षा और काम के बारे में हमारी सोच को फिर से परिभाषित करेगा। वहीं कार्यबल में बने रहने के कारण अर्थशास्त्र से परे भी है।

इस बात के बढ़ते प्रमाण हैं कि सेवानिवृत्ति के बाद काम करने से हृदय रोग और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम कम होता है। साथ ही मानसिक प्रगति और सामाजिक जुड़ाव भी मिलता है। उन्होंने कहा कि वृद्ध लोगों को समाज के मूल्यवान सदस्य के रूप में स्वीकार करने के लिए नकारात्मक रूढ़िवादिता को समाप्त करना होगा तथा लंबी आयु के लाभों के बारे में सार्वजनिक धारणा को व्यक्तियों, समाजों और अर्थव्यवस्था तक पहुंचाना होगा। विशेषज्ञों का कहना है कि विकसित देशों में स्वास्थ्य सेवा की लागत का बड़ा हिस्सा उम्र बढने और उम्र से संबंधित बीमारियों से प्रेरित है। फिर भी उम्र बढऩे और स्वास्थ्य अवधि विज्ञान को बहुत कम धन उपलब्ध है।

अमेरिका अल्जाइमर रोग के इलाज पर सालाना लगभग 305 बिलियन डॉलर खर्च करता है। यह आंकड़ा 2050 तक 1.1 ट्रिलियन डॉलर से अधिक होने की उम्मीद है। यूएस रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र का अनुमान है कि हृदय रोग और स्ट्रोक के कारण देश को स्वास्थ्य सेवा व्यय और उत्पादकता हानि के रूप में प्रतिवर्ष 363 बिलियन डॉलर का नुकसान होता है। मधुमेह के कारण अनुमानित वार्षिक स्वास्थ्य और आर्थिक बोझ 327 बिलियन डॉलर है, जबकि गठिया और संबंधित बीमारियों के कारण होने वाला खर्च 303 बिलियन डॉलर से अधिक है। वहीं देश वृद्धावस्था के लक्षणों के उपचार पर अरबों डॉलर खर्च करता है। अमेरिकी राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान के वार्षिक अनुसंधान बजट का एक प्रतिशत से भी कम या 337 मिलियन डॉलर वृद्धावस्था के जीव विज्ञान को समझने में खर्च होता है।

विशेषज्ञ मानते हैं कि उम्र बढऩे के मूल कारणों को संबोधित करने से व्यक्तिगत बीमारियों को लक्षित करने की तुलना में निवेश पर अधिक लाभ मिल सकता है। विशेषज्ञ कहते हैं कि विश्व की जनसांख्यिकी संरचना में परिवर्तन हो रहा है तथा अनुमान है कि 60 वर्ष से अधिक आयु की जनसंख्या 2050 तक दोगुनी हो जाएगी। वहीं देरी से कार्रवाई करने पर जीवन की गुणवत्ता कम हो जाएगी और अतिरिक्त वर्ष अस्वस्थता में गुजारने पड़ेंगे, जबकि युवा लोगों को अपने परिवार के सदस्यों की देखभाल की जिम्मेदारी उठानी होगी। वृद्ध होते समाज की आवश्यकताओं को पूरा करने तथा वृद्धावस्था के प्रति विश्व के दृष्टिकोण में आमूलचूल परिवर्तन की आवश्यकता है। स्वस्थ वृद्धावस्था को बढ़ावा देने वाले नीतिगत समायोजन, रोकथाम और निवेश को प्राथमिकता देने वाली स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियां तथा समस्त मानवता को लाभ पहुंचाने की क्षमता रखने वाली चिकित्सा प्रौद्योगिकियों के विकास में तेजी लाने के वैश्विक सहयोग के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे।

# आज का राशिफल

मेष राशि : आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। आप परिवारवालों के साथ समय बिताएंगे। घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा। बच्चों को बड़ा सरप्राइज मिल सकता है। आज कुछ लोग आपके काम में मदद कर सकते हैं। आपको किस्मत का पूरा-पूरा साथ मिलेगा। दूसरे लोग आपके कामकाज से प्रभावित होंगे। आपकी तरक्की के नये रास्ते खुलेंगे।

वृष राशि : आज का दिन आपके लिए बेहद खास रहने वाला है। ऑफिस के किसी काम से आपकी यात्रा हो सकती है, यात्रा लाभदायक रहेगी। बुजुर्ग अपने किसी बचपन के दोस्त से मिलकर अपनी पुरानी यादों को फिर से ताजा करेंगे। आज आपके आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आयेगा। व्यावसायिक कार्यों के लिहाज़ से आज का दिन बेहतर है। आप हर काम को धैर्य और समझदारी से पूरा करने की कोशिश करेंगे।

मिथुन राशि : आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपका रुझान अध्यात्म की तरफ रहेगा, आप किसी धार्मिक कार्यक्रम की योजना बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको बढ़ोत्तरी के नये अवसर मिलेंगे। इस राशि के जो लोग मिट्टी के बर्तन बनाने का काम करते हैं... उनके लिए लाभ के योग बन रहे हैं। अगर आप नई कार खरीदने का मन बना रहे हैं तो आज आपके लिए शुभ दिन है। घर में खुशियां बनी रहेंगी। आज शत्रु पक्ष आपके सामने नतमस्तक होगा।

कर्क राशि : आज का दिन आपके लिये मिला-जुला रहेगा। किसी जरूरी चीज को खरीदने में आपके पैसे खर्च हो सकते हैं। इस राशि के जो लेखक हैं, उनकी कविता लोगों को काफी पसंद आएगी... आपको किसी संस्था के द्वारा सम्मानित भी किया जा सकता है। जीवनसाथी के साथ आपका ताल मेल अच्छा बना रहेगा, घर का फैंसी डेकोरेशन करवाने का मन बना सकते हैं। आपको किसी जरूरी काम में पड़ोसियों का सहयोग मिलेगा, आपका बिगड़ता काम बन जायेगा।

सिंह राशि : आज का दिन शानदार रहेगा। ऑफिस में आपको मनपसंद काम दिया जा सकता है, काम करने में मन लगा रहेगा। आपसे एक्सपर्ट के तौर पर सलाह ली जा सकती है। इस राशि के लोगों की नौकरी में प्रमोशन के साथ ही... इनकम बढ़ने के भी चांस नजर आ रहे हैं। छात्र अपने विषयों को लेकर अधिक रुचि दिखायेंगे।

कन्या राशि : आपके लिए दिन अनुकूल रहने वाला है। लोग आपके काम की तारीफ करेंगे, आप खुद भी अपने काम से संतुष्ट रहेंगे। जीवनसाथी के साथ बाहर डिनर पर जाने का अच्छा मौका है, किसी रेस्टोरेंट जयेंगे। स्पोर्ट्स से जुड़े लोग किसी नई एक्टिविटी में भाग लेंगे।

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा है। आपके सभी काम समय से पूरे होंगे, ऑफिस में आपको सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। आपके सकारात्मक विचार किसी व्यक्ति को प्रभावित कर सकते हैं। आपकी मदद दूसरों के लिये फायदेमंद होगी।

वृश्चिक राशि : आज का दिन जीवन में किसी नयी खुशी का संकेत लायेगा। जीवनसाथी बड़ी खुशखबरी दे सकते हैं जिससे परिवार के बाकी लोग भी काफी खुश नजर आयेंगे। रिश्तों और काम के बीच तालमेल बना रहेगा। आर्थिक रूप से आप स्ट्राँग रहेंगे। इंजीनियर्स को बड़ा फायदा होगा। इस राशि के जो मैनेजर पोस्ट के लोग है.. अपने काम को अच्छे से संभालेंगे।

धनु राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। काम की गति बनी रहेगी.... आप खुद को रिलेक्स फील करेंगे। इस राशि के जो लोग अविवाहित हैं, उनके रिश्ते की बात घर पर चल सकती है.... घर का माहौल अच्छा रहेगा। काम के मामले में कुछ लोग आपसे सलाह मांग सकते हैं। वर्क फ्रॉम होम कर रहे लोगों का काम अच्छा चलेगा।

मकर राशि :आज का दिन जीवन में अहम मोड़ लायेगा। आपको अपने करियर में बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। ध्यान रहे जो भी करें, सोच-समझ कर करें। काम की वजह से आप परिवार को पूरा समय नहीं दे पायेंगे..... लेकिन परिवार का साथ बना रहेगा। कुछ मामलों में थोड़ा भावुक हो सकते हैं। राइटर की बुक पब्लिश होगी, जिसे लोगों का काफी प्यार मिलेगा। आपकी वाणी में मधुरता बनी रहेगी।

कुंभ राशि : आज का दिन नई उमंगों के साथ शुरू होने वाला है। आपका नजदीकी मित्र आपसे मिलने आ सकता है... आप उनसे अपनी निजी समस्या शेयर कर सकते हैं। परिवार की उलझनों को सुलझाने में आपको मदद मिलेगी। इस राशि के छात्रों के लिए दिन ठीक-ठाक है, पढ़ाई में आ रही समस्याएं दूर हो जाएगी। आपको नतीजों की ज्यादा फिक्र ना करके अपने काम पर ध्यान देने की जरूरत है। बड़े-बुजुर्ग आपको खास सलाह दे सकते हैं। नवविवाहित दंपत्ति के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है, एक दूसरे को समझने की कोशिश करेंगे।

मीन राशि : आज आपका दिन शानदार रहेगा। लोग आपकी बातों पर पूरा ध्यान देंगे। यात्रा की योजना बन सकती है। पैसों से जुड़ी समस्याओं का समाधान आज निकल जायेगा। रोजमर्रा के काम पूरे हो सकते हैं। दिनभर मस्ती के मूड में रहेंगे। आपको किस्मत का साथ मिलेगा। अधिकारी आपके काम की तारीफ करेंगे। दूसरों के सामने अपनी बात को खुलकर रख सकते हैं ... लोग आपकी बातों को इम्पोर्टेंस देंगे।

# नये भारत के लिये बालिकाओं की बंद खिड़कियां खुलें

**-ललित गर्ग**

जहां पांव में पायल, हाथ में कंगन, हो माथे पे बिंदिया, इट हैपन्स ओनली इन इंडिया- जब भी कानों में इस गीत के बोल पड़ते है, गर्व से सीना चौड़ा होता है। जब नवरात्र के दिनों में कन्याओं को पूजित होने के स्वर सुनते हैं तब भी शकुन मिलता है लेकिन जब उन्हीं कानों में यह पड़ता है कि इन पायल, कंगन और बिंदिया पहनने वाली बालिकाओं के साथ कैसे अत्याचार, यौन-शोषण इंडिया क्या करता है, तब सिर शर्म से झुकता है। भारतीय समाज में लड़कियों को अक्सर भेदभाव, यौन-शोषण और अन्याय का सामना करना पड़ता है। उन्हें अक्सर अपनी शिक्षा को आगे बढ़ाने के अवसर से वंचित रखा जाता है और उन्हें बहुत कम उम्र से ही घर के कामों में मदद करनी पड़ती है। इन्हीं विडम्बनाओं एवं विसंगतियों को नियंत्रित करने के लिये भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने 2008 में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने की शुरुआत की। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य भारतीय समाज में लड़कियों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरूकता फैलाना है। यह दिन समाज में लड़कियों के खिलाफ लैंगिक असमानता, रूढ़िवादिता, भेदभाव, यौन-शोषण और हिंसा की मौजूदा समस्याओं पर प्रकाश डालता है, बालिकाओं को सशक्त बनाता है और शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में लड़कियों को समान अवसर प्रदान करने के महत्व का संदेश देता है। बालिकाओं की बन्द खिड़कियां खुलें, तभी नया भारत-सशक्त भारत बन सकेगा।

सरकार का उद्देश्य बालिका दिवस के माध्यम से बालिकाओं के साथ समान व्यवहार करने और उन्हें वे अवसर प्रदान करने की तत्काल आवश्यकता को व्यक्त करना है, जिनकी वे हकदार हैं। यह दिवस प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शुरुआत की तिथि भी है। इसका लक्ष्य बालिका लिंग अनुपात में गिरावट के मुद्दे पर ध्यान केंद्रित करना भी है। राष्ट्रीय बालिका दिवस 2025 की थीम 'उज्ज्वल भविष्य के लिए लड़कियों को सशक्त बनाना' है। इसके लिये भारत में बालिकाओं के लिए कई सरकारी योजनाएं चल रही हैं। लेकिन कई प्रभावी सरकारी योजनाओं के बावजूद भारत में बालिकाओं की स्थिति चिन्ताजनक है। देश में हुई 2016 की जनगणना में लड़कों की तुलना में लड़कियों की घटती संख्या के



आंकड़े चौंकाते ही नहीं बल्कि दुखी भी करते हैं। जिस तरह से लड़के-लड़कियों का अनुपात असंतुलित हो रहा है, उससे ऐसी चिन्ता भी जतायी जाने लगी है कि यही स्थिति बनी रही तो लड़कियां कहां से लाएंगे? हालत यह है कि आंध्र प्रदेश में 2016 में प्रति एक हजार लड़कों के मुकाबले महज आठ सौ छह लड़कियों का जन्म दर्ज किया गया। यह आंकड़ा सबसे निम्न स्तर पर मौजूद राजस्थान के बराबर है। तमिलनाडु, कर्नाटक जैसे राज्यों में भी तस्वीर बहुत बेहतर नहीं है। बालिकाओं की घटती संख्या एक गंभीर चिन्ता का विषय है।

हालांकि, बहुत से लोगों का मानना है कि 21वीं सदी तक आते-आते बालिकाओं एवं महिलाओं की ज़िंदगी में बहुत बदलाव आए हैं लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए अब हालात पहले से ज्यादा खराब हो चुके हैं। कहने को भले ही लड़कियां हर मामले में लड़कों के कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हो, हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा, क्षमता एवं कौशल का लोहा मनवा रही है लेकिन उनके सामने हर रोज एक लंबी चुनौती भी खड़ी है। भारतीय बालिकाओं एवं महिलाओं की समस्याएं केवल सामाजिक अधिकारों तक ही सीमित नहीं हैं बल्कि कार्यस्थलों और घरों में भी वह मानसिक और सामाजिक रूप से प्रभावित होती हैं। बालिकाओं एवं महिलाओं की सोच में भले ही पिछले कुछ सालों की तुलना में बदलाव आए हों लेकिन मर्दों की सोच और रवैये में कुछ खास फर्क नजर नहीं आता है। ऐसा इसलिए क्योंकि सड़क पर छोटे कपड़े पहनकर चलने में लगभग हर महिला ही असुरक्षित महसूस करती है। चीरहरण करती आंखें, अंजाने में छूने वाले हाथ और सीटियों की गूंज का सामना किसी लड़के को नहीं बल्कि लड़की को ही हर रोज करना पड़ता है। कुछ घरों में आज भी लड़कों की तुलना में लड़कियों के साथ अलग व्यवहार किया जाता है। वह कैसे बोलती है, कैसे कपड़े पहनती है, अपना जीवन जीने का तरीका किस तरह चुनती है, भले ही इन बातों से उसे कोई फर्क नहीं पड़ रहा हो लेकिन उसके आसपास रहने वाले लोग इससे असुरक्षित वातावरण महसूस करने लगते हैं। ज्यादातर लोगों ऐसा मानना है कि एक बालिका को मिलनसार होना चाहिए। उसे हमेशा ही समझौता करना चाहिए। भले ही वह बातें उसे नुकसान क्यों न पहुंचा रही हों।

जन्म से पहले ही पता चल जाए कि बच्ची पैदा होगी तो ये उसकी जान लेने से भी नहीं कतराते। पिछली सदी में समाज के एक बड़े वर्ग में यह एक विभीषिका ही थी कि परिवार की धुरी होते हुए भी नारी को वह स्थान प्राप्त नहीं था जिसकी वह अधिकारिणी थी। उसका मुख्य कारण था सदियों से चली आ रही कुरीतियाँ, अंधविश्वास व बालिका शिक्षा के प्रति संकीर्णता। कितनी विडम्बना है कि देश में हम 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का नारा बुलन्द करते हुए एक जोरदार मुहिम चला रहे हैं उस देश में लगातार बालिकाओं की संख्या घटने का दाग लग रहा है। यह दाग 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संकल्प पर भी लगा है और यह दाग हमारे द्वारा नारी को पूजने की परम्परा पर भी लगा है। लेकिन प्रश्न है कि हम कब बेदाग होंगे? अच्छे भविष्य के लिए हम बेटियों की पढ़ाई से ही सबसे ज्यादा उम्मीदें बांधते हैं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे नारे हमारे संकल्प को बताते हैं, हमारी सदिच्छा को दिखाते हैं, भविष्य को लेकर हमारी सोच को जाहिर करते हैं, लेकिन वर्तमान की हकीकत इससे उलट है। वे पढ़ाई में अपने झंडे भले ही गाड़ दें, लेकिन उन्हें आगे बढ़ने से रोकने की क्रूरताएं कई तरह की हैं। उसका मुख्य कारण है सदियों से चली आ रही कुरीतियाँ, अंधविश्वास व बालिका शिक्षा के प्रति संकीर्णता। शताब्दियों से हम साल में दो बार नवरात्र महोत्सव मनाते हुए कन्याओं को पूजते हैं। लेकिन विडम्बना देखिये कि सदियों की पूजा के बाद भी हमने कन्याओं को उनका उचित स्थान और सम्मान नहीं दे पाये हैं। इन त्रासद, अमानवीय एवं विडम्बनापूर्ण नारी अत्याचार की बढ़ती घटनाओं के होते हुए मां दुर्गा को पूजने का क्या अर्थ है?



प्रधानमंत्री नई दिल्ली में संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे।

# जूट की एमएसपी में बढ़ोतरी से लाखों किसानों को मिलेगा लाभ : पीएम मोदी

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्र सरकार ने कच्चे जूट के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में बढ़ोतरी की है। पीएम मोदी ने केंद्र सरकार के इस फैसले की सराहना करते हुए कहा कि इसका सीधा लाभ लाखों किसानों को मिलने वाला है।

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, देशभर के जूट उत्पादक किसान भाई-बहनों के हित में हमारी सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। वर्ष 2025-26 के लिए रॉ जूट की एमएसपी में बढ़ोतरी को मंजूरी दी गई है। इससे पश्चिम बंगाल सहित देश के कई राज्यों में इस क्षेत्र से जुड़े लाखों किसानों को लाभ होगा।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए फैसलों की जानकारी साझा करते हुए बुधवार को कहा कि कैबिनेट ने कच्चे जूट के लिए एमएसपी 5,650 रुपये प्रति क्विंटल (विपणन सीजन 2025-26 के लिए) को मंजूरी दे दी



है। मोदी सरकार सीएसीपी की सिफारिशों के आधार पर लगातार एमएसपी बढ़ा रही है। जब से एमएसपी को 50 फीसदी से ज्यादा तय करने का फैसला लिया गया है, तब से इसका विधिवत पालन किया जा रहा है। इसके आधार पर 2025-26 सीजन के लिए कच्चे जूट के एमएसपी में लगभग 6 प्रतिशत की वृद्धि की गई है।इस साल एमएसपी में की गई बढ़ोतरी 2024-25 सीजन से भी ज्यादा है, जिसका उद्देश्य भारत में जूट उत्पादन को बढ़ावा देना है। पिछले साल कच्चे जूट के एमएसपी में 285 रुपये की बढ़ोतरी की गई थी, जो 2024-25 सीजन के लिए 5,335 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच गई थी।40 लाख किसान परिवारों की आजीविका प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जूट उद्योग पर निर्भर है। जूट मिलों और जूट के व्यापार में लगभग 4 लाख श्रमिकों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलता है। पिछले साल 1 लाख 70 हजार किसानों से जूट खरीदा गया था। 82त्न जूट किसान पश्चिम बंगाल से हैं जबकि शेष असम और बिहार में जूट उत्पादन में 9-9त्न की हिस्सेदारी है।

## महाकुंभ की तैयारियों पर कांग्रेस नेताओं ने उठाए सवाल, सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

लखनऊ (आरएनएस ) प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय और प्रयागराज से कांग्रेस सांसद उज्जवल रमण सिंह ने आज एक प्रेस वार्ता आयोजित कर उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार पर महाकुंभ की तैयारी में बरती जा रही उदासीनता और महाकुंभ के आयोजन में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। उन्होंने सरकार और अधिकारियों पर साधु संतों और श्रद्धालुओं की अनदेखी का आरोप भी लगाया।सांसद उज्जवल रमण सिंह ने कहा कि सरकार और अधिकारी केवल वीआईपी मेहमानों की मेहमाननवाजी और फोटो खिंचवाने में लगे हुए हैं, जबकि आम श्रद्धालुओं को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि महाकुंभ के लिए आवंटित बजट में भी भ्रष्टाचार हो रहा है और इस मामले में तथ्य और आंकड़े महाकुंभ के बाद सार्वजनिक किए जाएंगे।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि सरकार महाकुंभ की बड़ी तैयारियों का दावा करके जनता को भ्रमित कर रही है। उन्होंने कैबिनेट की बैठक पर सवाल उठाते हुए इसे महाकुंभ को एक इवेंट बनाने की सरकार की कोशिश बताया। अजय राय ने आरोप लगाया कि महाकुंभ की परंपराओं को बदलकर गुजरात की कंपनियों को ठेका दिया गया है और इससे सिर्फ भ्रष्टाचार हो रहा है।सांसद उज्जवल रमण सिंह ने सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि 2019 में महाकुंभ के दौरान सरकार ने यह दावा किया था कि मेट्रो 2025 तक चलने लगेगी, लेकिन अब तक इसका कोई निशान नहीं है। इसके अलावा, गंगा नदी पर छह लेन पुल बनाने की घोषणा भी अधूरी रह गई है। उन्होंने सड़क निर्माण में भी भ्रष्टाचार का आरोप लगाया, जहां मुख्य सड़कों और चौराहों को भी नजरअंदाज किया गया है।सांसद ने बताया कि तीर्थ पुरोहितों और कल्पवासियों की सुविधाओं में कमी की जा रही है और उन्हें संगम से दूर पूजा स्थल आवंटित किया गया है, जिससे श्रद्धालुओं को परेशानी हो रही है।

# पराक्रम दिवस : राष्ट्रपति, पीएम मोदी समेत कई नेताओं ने सुभाष चंद्र बोस को उनकी जयंती पर किया नमन

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। आज सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई जा रही है। उनकी जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई नेताओं ने सुभाष चंद्र बोस को नमन किया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पराक्रम दिवस के रूप में मनाई जाने वाली नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर, मैं भारत माता के महानतम सपूतों में से एक को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारत के स्वतंत्रता संग्राम में सबसे दृढ़ निश्चय और प्रेरक व्यक्तियों में से एक हैं। स्वतंत्रता के लिए उनके आह्वान ने लाखों भारतीयों को स्वतंत्रता संग्राम में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए नेताजी का अथक दृढ़ संकल्प और आज़ाद हिंद फ़ौज का उनका साहसी नेतृत्व भारतीयों की पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।

पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पराक्रम दिवस पर मैं नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनका योगदान अद्वितीय है। वे साहस और धैर्य के



प्रतीक थे। उनका विजन हमें प्रेरित करता रहता है, क्योंकि हम उनके सपनों का भारत बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। पीएम मोदी ने और पोस्ट करते हुए लिखा, आज सुबह करीब 11:25 बजे मैं पराक्रम दिवस कार्यक्रम में अपना संदेश साझा करूंगा। मैं कामना करता हूं कि यह दिन हमारी आने वाली पीढ़ियों को सुभाष बाबू की तरह चुनौतियों का सामना करने के लिए साहस अपनाने की प्रेरणा दे।केंद्रीय गृह मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उनका स्मरण कर उन्हें नमन करता हूं और समस्त देशवासियों को 'पराक्रम दिवस' की शुभकामनाएं देता हूं। नेताजी सुभाषचंद्र बोस अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प और निर्भीकता के प्रतिबिंब थे। आजाद हिंद फौज का गठन कर सशस्त्र संघर्ष से अंग्रेजी साम्राज्य की नींव हिलाने वाले नेता जी स्वाधीनता सेनानियों के लिए आदर्श बने। उनका जीवन देशभक्ति, बलिदान और प्रेरणा का अमिट प्रतीक बनकर सदैव स्मरणीय रहेगा।कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'जय हिंद' एवं 'तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा' जैसे ओजस्वी नारों के माध्यम से देशवासियों में देशप्रेम और क्रांति की लहर का संचार करने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष एवं हमारे प्रेरणास्रोत, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती पर कोटि-कोटि नमन। मातृभूमि के प्रति उनका प्रेम और समर्पण, व सांप्रदायिकता के ख़िलाफ़ उनका कड़ा विरोध, हम सभी को सदा राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता है।लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, महान क्रांतिकारी, आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि।

### जलगांव रेल हादसा

## अजित पवार ने कहा, महाराष्ट्र सरकार घायलों के इलाज का खर्च वहन करेगी

पुणे(आरएनएस)। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने गुरुवार को पुणे के सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए जलगांव में हुई घटना पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि यह घटना सिर्फ और सिर्फ अफवाहों के कारण हुई। राज्य सरकार घायलों के इलाज का खर्च वहन करेगी।

उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने गुरुवार को पुणे के सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान जलगांव हादसे को लेकर कहा कि घटना के बाद सरकार ने तुरंत कार्रवाई की। जलगांव में रेल हादसा होने के बाद स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों के तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत कार्य किया। यह घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। हमने इस घटना की जानकारी ली। पता चला है कि लखनऊ-मुंबई पुष्पक एक्सप्रेस ट्रेन के एक कोच में चाय विक्रेताओं ने आग लगने की सूचना दी, जिससे अफरा-तफरी मच गई। हंगामा देखकर पड़ोसी कोच में भी भारी हंगामा हो गया। इस दौरान ट्रेन को आपातकालीन चेन खींचकर रोक दिया गया। इसी बीच कुछ यात्री अपनी जान बचाने के लिए ट्रेन से नीचे कूद गए। यात्री बगल की पटरी पर आ रही एक अन्य एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गए, जिससे कई लोग हताहत और घायल हो गए।अजित पवार ने कहा कि इस घटना में अब तक 13 लोगों की मौत हो चुकी है।

# गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे', कॉमेडियन कपिल शर्मा समेत चार बड़े कलाकारों को मिली जान से मारने की धमकी



मुंबई (आरएनएस)। कॉमेडियन कपिल शर्मा बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव , कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा और गायिका सुगंधा मिश्रा को धमकी भरा ई-मेल प्राप्त हुआ है। यह धमकी पाकिस्तान से भेजी गई है। इसके बाद संबंधित कलाकारों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। मुंबई की अंबोली पुलिस स्टेशन में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

इस धमकी भरे ई-मेल में लिखा गया है कि हम आपकी निगरानी कर रहे हैं और यह जरूरी है कि हम आपको एक संवेदनशील मामले के बारे में सूचित करें। यह कोई प्रचार स्टंट या आपको परेशान करने का प्रयास नहीं है। हम आपसे इस संदेश को अत्यंत गंभीरता और गोपनीयता से लेने का आग्रह करते हैं। यदि आप इस पर ध्यान नहीं देते हैं, तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं, जो आपके पेशेवर और व्यक्तिगत जीवन पर असर डाल सकते हैं। ई-मेल में आगे लिखा गया है कि हम अगले 8 घंटों के भीतर आपसे त्वरित प्रतिक्रिया की उम्मीद करते हैं, अन्यथा हम मान लेंगे कि आप इस मामले को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं और हम आवश्यक कार्रवाई करेंगे। ई-मेल के अंत में विष्णु लिखा गया है।

शिकायत दर्ज करने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि यह धमकी पाकिस्तान से भेजी गई है। कलाकारों को भेजे गए धमकी भरे ई-मेल के बाद उनके फैंस और परिवार के लोग भी चिंतित हैं।

## भूपेश बघेल के ओएसडी रहे अफसर की होगी गिरफ्तारी

रायपुर(आरएनएस)। बहुचर्चित छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (CGPSC) भर्ती घोटाला मामले में अब पूर्व परीक्षा नियंत्रक आरती वासनिक और तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ओएसडी रहे चेतन बोरघरिया को CBI गिरफ्तार करने वाली है। दोनों प्रशासनिक अधिकारियों की गिरफ्तारी को लेकर सीबीआई ने सरकार से अनुमति मांगी थी। सूत्रों के मुताबिक, अब यह खबर निकल कर सामने आई है कि साय सरकार के निर्देश के बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने अनुमति दे दी । दरअसल, पीएससी घोटाले मामले की जांच कर रही सीबीआई ने आरती वासनिक और चेतन बोरघरिया को भी आरोपी बनाया है। लेकिन सरकार से अनुमति नहीं मिलने के चलते दोनों की गिरफ्तारी अब तक नहीं हो पाई थी। अब सरकारी अनुमति मिलने के बाद माना जा रहा है कि सीबीआई दोनों आरोपियों को किसी भी वक्त गिरफ्तार कर सकती है।

# जान की कीमत सिर्फ 800 रुपए, पार्क में गोली मारकर ले ली जान

गाजियाबाद (आरएनएस)। गाजियाबाद के नंदग्राम थाना क्षेत्र में बुधवार रात 800 रुपए के मामूली विवाद में एक लेबर सप्लायर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान 34 वर्षीय चंचल के रूप में हुई है, जो नई बस्ती का रहने वाला था। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में पता चला है कि इस हत्याकांड को चंचल के दोस्तों ने ही अंजाम दिया है।

जानकारी के अनुसार, चंचल पहले मजदूरी करता था, लेकिन कुछ समय से वह लेबर सप्लाई का ठेकेदारी का काम कर रहा था। बुधवार रात करीब पौने दस बजे वह अपने घर के पास स्थित टेंपो स्टैंड के पास एक पार्क में था। वहां उसके साथ कुछ और लोग भी थे। बताया जा रहा है कि चंचल का उन लोगों से किसी बात पर विवाद हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। इसी दौरान हमलावरों ने चंचल पर गोलियां चला दीं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

हमलावर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। गोलियों की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तो चंचल खून से लथपथ पड़ा हुआ था। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

डीसीपी सिटी राजेश कुमार ने बताया कि चंचल को दो गोलियां लगी थीं ङ्क एक सीने में और दूसरी पीठ में। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि ?800 के लेनदेन को लेकर झगड़ा शुरू हुआ था, जिसके बाद उसकी हत्या कर दी गई। डीसीपी ने बताया कि हत्या के आरोपी मृतक के दोस्त और परिचित बताए जा रहे हैं।

## विवेक ओबेरॉय ने दावोस में महाराष्ट्र सीएम फडणवीस के साथ की मुलाकात, बोले 'प्रेरणादायक दिन



मुंबई (आरएनएस)। बॉलीवुड एक्टर विवेक ओबेरॉय ने हाल ही में सोशल मीडिया पर दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) में अपने प्रेरणादायक दिन की फोटो शेयर की। यहां पर उन्हें महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अन्य प्रमुख नेताओं से मिलने और बातचीत करने का अवसर मिला।

ओबेरॉय हमेशा भारत के आर्थिक विकास की वकालत में सक्रिय रूप से शामिल रहे हैं। उन्होंने विकसित भारत के राष्ट्रीय मिशन पर केंद्रित चर्चाओं के दौरान सहयोगात्मक भावना और विकास के साझा नजरिए की तारीफ की।

अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक्टर ने एक वीडियो शेयर किया और कैप्शन में लिखा, वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम, दावोस में महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस, महाराष्ट्र के उद्योग मंत्री उदय सामंत, डीपीआईआईटी के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया, तमिलनाडु के उद्योग मंत्री टीआरबी राजा और अन्य नेताओं से मिलने और सुनने के लिए यह कितना प्रेरणादायक दिन था।

वन नेशन, वन वॉइस का दर्शन सभी राज्यों को 'विकसित भारत' के सामूहिक मिशन की दिशा में काम करने के लिए एकजुट करता है, जो वैश्विक मंच पर जीवंत हो गया। कॉग्निजेंट के सीईओ रवि कुमार एस से मिलना और साथ में कुछ नए जमाने की रणनीतियों पर चर्चा करना खुशी की बात थी। डब्ल्यूईएफ 25 में अगले कुछ दिनों की मेहनत और सहयोग का बेसब्री से इंतजार है।


इस कार्यक्रम के दौरान एक्टर को कॉग्निजेंट के सीईओ रवि कुमार एस से बातचीत करने का भी मौका मिला। दोनों ने प्रौद्योगिकी और एआई के क्षेत्र में अत्याधुनिक रणनीतियों पर चर्चा की जो भारत के औद्योगिक और डिजिटल परिवर्तन को गति दे सकती हैं।

# महाकुंभ में तैयारियां शानदार, हमें कोई दिक्कत नहीं : श्रद्धालु

महाकुंभ नगर (आरएनएस)। महाकुंभ के 11वें दिन लाखों श्रद्धालुओं ने संगम नगरी में आस्था की डुबकी लगाई। ब्रह्म मुहूर्त से ही श्रद्धालु गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के त्रिवेणी तट पर पहुंचकर पवित्र स्नान करते दिखे। कुछ श्रद्धालुओं ने न्यूज एजेंसी से बातचीत में खुशी का इजहार किया।

श्रद्धालुओं का कहना है कि इस महाकुंभ में व्यवस्थाएं बेहद अच्छी हैं। सुरक्षा, साफ-सफाई और यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो रही है। श्रद्धालुओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने इस आयोजन के लिए बेहतरीन व्यवस्थाएं की हैं।

स्नान करने आए राजू यादव ने महाकुंभ की तैयारियों पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा, यहां पर सभी श्रद्धालुओं के लिए सरकार की तरफ से अच्छी व्यवस्था की गई है। किसी भी श्रद्धालु को कोई परेशानी नहीं हो रही है। हम यहां ट्रेन से आए हैं। इस दौरान हमें किसी भी चीज की दिक्कत नहीं हुई। मेरे साथ 44 लोग हैं। किसी को भी कोई परेशानी नहीं हुई है। मोदी जी और योगी जी की कृपा ऐसी रही कि हमें कोई दिक्कत नहीं हुई। यहां पर



साफ-सफाई अच्छी रही। वहीं सुरक्षा को लेकर सभी तैयारियां की गई हैं।

श्रवण कुमार प्रजापति ने महाकुंभ में तैयारियों को लेकर सीएम योगी की तारीफ की। उन्होंने कहा कि यहां पर सभी श्रद्धालुओं के लिए बहुत अच्छी व्यवस्था की गई है और इसमें सबसे बड़ा योगदान योगी सरकार का है। यह कहने में कोई हर्ज नहीं होना चाहिए कि इस सरकार ने जिस तरह की सुविधा कुंभ में श्रद्धालुओं के लिए की है, वैसे सुविधा कोई भी सरकार आने वाले दिनों में कभी नहीं कर पाएगी।

महेश सिंघानिया सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हैरान और संतुष्ट नजर आए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से महाकुंभ में शानदार तैयारी की गई है। चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाबलों को तैनात किया गया है, जो सभी गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं।नागेंद्र दीक्षित ने महाकुंभ क्षेत्र में मिल रही दैवीय अनुभव का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यहां पर आकर हमें दैवीय अनुभव प्राप्त हो रहा है। मैं खुद को सौभाग्यशाली समझता हूं कि मुझे यहां पर आने का मौका मिला है। किसी भी श्रद्धालु को यहां कोई दिक्कत न हो, इसका प्रशासन की तरफ से विशेष ध्यान रखा गया है।अयोध्या से आई श्रद्धालु रुबी सिंह ने कहा कि मुझे यहां पर बहुत अच्छा लग रहा है। सुरक्षा की भी पूरी व्यवस्था की गई है। साफ-सफाई का भी विशेष ध्यान रखा गया है। वहीं संजू सिंह ने कहा कि मुझे यहां आकर बहुत अच्छा लगा। मुझे किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं हुई।

## गणतंत्र दिवस पर एनएसयूआई ने निकाली 76 फीट लंबा तिरंगा पैदल यात्रा

भिलाई, (आरएनएस)। छिहत्तरवे गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को प्रात: साढे 10 बजे एनएसयूआई द्वारा 76 फीट लंबा तिरंगा के साथ तिरंगा पैदल यात्रा का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव आकाश कन्नौजिया ने एक पत्रकारवार्ता में दी। उन्होंने आगे बताया कि इस तिरंगा यात्रा के आयोजनकर्ता एनएसयूआई के साथ ही कांग्रेस के दुर्ग लोकसभा प्रभारी सौरभ मिश्रा है। इस दौरान सौरभ मिश्रा ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि पिछले साल भिलाई नगर के युवा एवं हरदिल अजीज विधायक देवेन्द्र यादव द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई थी इससे प्रेरणा लेकर हम लोग ये तिरंगा की पैदल यात्रा निकाल रहे है। श्री कन्नौजिया ने आगे बताया कि इस यात्रा में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ ही कांग्रेस, महिला कांग्रेस, कांग्रेस सेवादल सहित एनएसयूआई के सदस्यों के अलावा सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल होकर तिरंगा का मान बढायेंगे। तिरंगा की पैदल यात्रा प्रात: साढे 10 बजे ग्लोब चौक से पुष्प वर्षा और देश भक्ति गानों के साथ निकाली जायेगी जो शहीद पार्क सेक्टर 5 में जाकर खत्म होगी। इस बार देश 76 वां गणतंत्र दिवस मनाने जा रहा है, इस लिए हम लोग इस बार 76 फीट लंबा तिरंगा बनाया जा रहा है जिसको पकड़कर पैदल यात्रा निकाली जायेगी।



दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले करोल बाग विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार राहुल कुमार के पक्ष में चुनाव प्रचार में युवा कांग्रेस नेता श्रीनिवास बी.वी. भाग लेते हुए।

## मोनालिसा की लेटेस्ट तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर मचाया धमाल, कैमरे सामने दिए किलर पोज



भोजपुरी इंडस्ट्री में अपनी अदाओं से लोगों के दिलों पर खंजर चलाने वाली एक्ट्रेस मोनालिसा आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी अदाकारी से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट एथनिक लुक से फैंस के बीच कहर बरपा दिया है। इन तस्वीरों में उनकी हॉट अदाओं को देखकर फैंस मंत्रमुग्ध हो गए हैं।एक्ट्रेस मोनालिसा अपनी खूबसूरती और ग्लैमरस लुक्स के चलते सोशल मीडिया पर अक्सर तबाही मचाती रहती हैं। उनका कातिलाना अंदाज इंटरनेट पर आते ही छा जाता है।अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में मोनालिसा की हॉटनेस देखकर फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं।इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस मोनालिसा ने पिंक कलर की फ्लोरल इंडो-वेस्टर्न ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक पोज दे रही हैं।खुले बाल, माथे पर बिंदी, गले में नेकलेस और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है।फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस अपने परफेक्ट बॉडी कर्व्स कैमरे के सामने फ्लॉन्ट करती हुई फैंस को दीवाना बना रही हैं। मोनालिसा सोशल इन दिनों भले ही टीवी शोज में दिखाई नहीं दे रही हो, लेकिन आए दिन अपनी पर्सनल लाइफ से जुड़े अपडेट्स फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं।

# बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों के लिए तरसी आजाद और इमरजेंसी, जानिए कैसा है अन्य फिल्मो का हाल

17 जनवरी को सिनेमाघरों में इमरजेंसी और आजाद एक साथ रिलीज हुई थी। दोनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही हैं। इसके अलावा 10 जनवरी को रिलीज हुई गेम चेंजर और फतेह भी दर्शकों को पसंद नहीं आ रही हैं। आइए जानते हैं मंगलवार को इन फिल्मों ने कितनी कमाई की है।

फिल्म इमरजेंसी में कंगना रनौत ने भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री का किरदार निभाया है। कंगना ने इस फिल्म में अभिनय करने के साथ-साथ फिल्म का निर्देशन भी किया है। यह फिल्म इंदिरा गांधी द्वारा भारत में लगाए गए आपातकाल पर आधारित है। हालांकि, सेंसर बोर्ड से हरी झंडी मिलने के बाद फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हुई, लेकिन यह दर्शकों को अपनी ओर खींचने में नाकाम रही। sacnilk के मुताबिक, पहले दिन शुक्रवार को फिल्म ने 2 करोड़ 50 हजार रुपये का कलेक्शन किया। दूसरे दिन शनिवार को फिल्म ने 3 करोड़ 60 लाख रुपये का बिजनेस किया। रविवार को फिल्म ने 4 करोड़ 25 लाख रुपये का बिजनेस किया। चौथे दिन सोमवार को फिल्म ने 1 करोड़ 5 लाख रुपये का कलेक्शन किया। पांचवें दिन फिल्म सिर्फ 1 करोड़ रुपए का कारोबार कर सकी। कुल मिलाकर इमरजेंसी ने अब तक 12 करोड़ 40 लाख रुपए का कलेक्शन कर लिया है।

राशा थडानी और अमन देवगन की बॉलीवुड डेब्यू की शुरुआत बेहद खराब रही। फिल्म ने पहले दिन सिर्फ 1 करोड़ 5 लाख रुपए का कलेक्शन किया। दूसरे दिन यानी शनिवार को फिल्म ने 1 करोड़ 30 लाख रुपए का कारोबार किया है। रविवार को फिल्म ने 1 करोड़ 75 लाख रुपए कमाए और चौथे दिन यानी सोमवार को फिल्म का



कलेक्शन सिर्फ 65 लाख रुपए रहा। मंगलवार को फिल्म की कमाई में और गिरावट आई और यह सिर्फ 55 लाख रुपए का कारोबार कर सकी। कुल मिलाकर फिल्म आजाद ने 5 करोड़ 75 लाख रुपए का कलेक्शन किया है।

राम चरण की गेम चेंजर भी बॉक्स ऑफिस पर असफल होती नजर आ रही है। फिल्म ने पहले दिन 51 करोड़ रुपए से अपने कलेक्शन की शुरुआत की थी, लेकिन उसके बाद फिल्म की कमाई लगातार घटती चली गई। पहले हफ़्ते में फ़िल्म ने कुल 117 करोड़ 65 लाख रुपए का कारोबार किया। आठवें दिन फ़िल्म ने 2 करोड़ 75 लाख रुपए, नौवें दिन फ़िल्म ने 2 करोड़ 40 लाख रुपए, दसवें दिन गेम जंक्शन ने 2 करोड़ 60 लाख रुपए का कारोबार किया। 11वें दिन फ़िल्म की कमाई सिर्फ़ 1 करोड़ रुपए तक सीमित रही।12वें दिन यानी मंगलवार को फ़िल्म ने 85 लाख रुपए का कारोबार किया।फ़िल्म की कुल कमाई 127 करोड़ 25 लाख रुपए हो गई है।इन फ़िल्मों की तरह सोनू सूद की फ़िल्म फ़तेह भी बॉक्स ऑफ़िस पर कुछ ख़ास कमाल नहीं कर पाई। फ़िल्म ने पहले दिन यानी शुक्रवार को 2 करोड़ 4 लाख रुपए से अपने कलेक्शन की शुरुआत की। वहीं पहले हफ़्ते में फ़िल्म ने कुल 11 करोड़ 1 लाख रुपए का कारोबार किया। फिल्म ने 11वें दिन सोमवार को सिर्फ 15 लाख रुपये का बिजनेस किया और मंगलवार को फिल्म ने सिर्फ 14 लाख रुपये का बिजनेस किया। फिल्म की कुल कमाई अब 12 करोड़ 54 लाख रुपये हो गई है। 5 दिसंबर 2024 को रिलीज हुई अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 अभी भी सिनेमाघरों में लगी हुई है। फिल्म ने पहले दिन 10 करोड़ 65 लाख रुपये का कलेक्शन किया। पहले हफ्ते में फिल्म ने 725 करोड़ 8 लाख रुपये का दमदार बिजनेस किया। वहीं दूसरे हफ्ते में पुष्पा 2 द रूल ने 264 करोड़ 8 लाख रुपये का बिजनेस किया। तीसरे हफ्ते में फिल्म ने 129 करोड़ 5 लाख रुपये की कमाई की। चौथे हफ्ते में फिल्म ने 69 करोड़ 65 लाख रुपये का बिजनेस किया। पांचवें हफ्ते में फिल्म ने 25 करोड़ 25 लाख रुपये का कलेक्शन किया और छठे हफ्ते में फिल्म ने 9 करोड़ 7 लाख रुपये का कलेक्शन किया।

## छावा का ट्रेलर रिलीज, हर सीन पर खड़े होंगे रोंगटे, एक बार फिर हाई जोश में दिखे विक्की कौशल



विक्की कौशल साल 2025 की शुरुआत अपनी होस्टोरिकल-पीरियड-एक्शन ड्रामा फिल्म छावा से करने जा रहे हैं. छावा में विक्की कौशल के अपोजिट साउथ एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना लीड रोल में होंगी. यह पहली बार है जब विक्की और रश्मिका मंदाना किसी फिल्म में साथ काम करने जा रहे हैं. फिल्म छावा अगले महीने यानि फरवरी में रिलीज होने जा रही है. इससे पहले दर्शकों को फिल्म छावा के ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार थास, जो अब खत्म हो चुका है. छावा का ट्रेलर रिलीज हो गया है.बता दें, छावा के मेकर्स मडोक ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट की स्टोरी पर फिल्म छावा से विक्की कौशल का एक पोस्टर शेयर किया था. इस पोस्टर में विक्की कौशल पीठे दिखाए संभाजी महाराज के रोल में खड़े थे. पोस्टर के साथ फिल्म के मेकर्स ने बताया है कि छावा का ट्रेलर आज शाम 5.15 बजे रिलीज होगा. बता दें, आज मुंबई में फिल्म का ट्रेलर लॉन्च हुआ, जिसके लिए पैर से घायल रश्मिका मंदाना पहुंची. बता दें, रश्मिका मंदाना इन दिनों सलमान खान की फिल्म सिकंदर से भी चर्चा में हैं. वहीं, ट्रेलर में विक्की कौशल को अपने रोल में बेहद जोश में देखा जा रहा है. फिल्म में आशुतोष राणा, डायना पेंटी और दिव्या दत्ता अहम रोल में होंगे.लक्ष्मण उटेकर ने फिल्म छावा का निर्देशन किया है. इससे पहले इन्होंने विक्की कौशल के साथ फिल्म जरा हटके जरा बचके डायरेक्ट की थी, जो बॉक्स ऑफिस पर सक्सेस रही थी. फिल्म में विक्की कौशल मराठा किंग छत्रपति संभाजी महाराज के रोल में होंगे और रश्मिका मंदाना उनकी पत्नी येसूबाई भोसले के रोल में होंगी. फिल्म की सिनेमैटोग्राफी सौरभ गोस्वामी ने की है और फिल्म के निर्माता दिनेश विजान है. फिल्म छावा का म्यूजिक दिग्गज म्यूजिक डायरेक्टर ए आर रहमान ने कंपोज किया है.

## मुंबई में ठिकाना ढूंढने भटक रही यामिनी मल्होत्रा, सोशल मीडिया पोस्ट में बयां किया अपना दर्द



बिग बॉस 18 की कंटेस्टेंट रहीं यामिनी मल्होत्रा इन दिनों मुंबई में रहने के लिए घर की तलाश कर रही हैं। यामिनी दिल्ली से मुंबई शिफ्ट होना चाहती हैं लेकिन उन्हें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। यामिनी ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर शेयर कर बताया है कि उन्हें कितनी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

दरअसल, बिग बॉस 18 के बाद यामिनी अब मुंबई में रहना चाहती हैं लेकिन उन्हें रहने के लिए छत नहीं मिल रही है। वह पिछले कई दिनों से घर की तलाश कर रही हैं लेकिन कोई भी उन्हें अपने घर में किराए पर रहने नहीं दे रहा है। इन सब चीजों से परेशान होकर यामिनी ने अब सोशल मीडिया का सहारा लिया है। यामिनी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए बताया है कि उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

यामिनी ने सोशल मीडिया पर जो तस्वीर जारी की है उसमें उन्होंने लिखा है कि उन्हें कुछ ऐसा शेयर करना पड़ रहा है जो उनके लिए काफी निराशाजनक रहा है। यामिनी ने लिखा- जितना मैं मुंबई से प्यार करती हूं, यहां फ्लैट मिलना उतना ही मुश्किल होता जा रहा है। मुझसे सवाल पूछे जा रहे हैं कि मैं हिंदू हूं या मुसलमान, गुजराती हूं या मारवाड़ी।

जैसे ही लोगों को पता चलता है कि मैं एक्ट्रेस हूं, वे सीधे मना कर देते हैं। यामिनी ने आगे एक सवाल लिखा कि क्या एक्टर होने के नाते मैं घर खरीदने के लायक नहीं हूं। यह बहुत ही आश्चर्यजनक बात है कि साल 2025 में भी लोग आपसे ऐसे सवाल पूछते हैं। क्या हम वाकई मुंबई को सपनों का शहर कह सकते हैं अगर ये सपने कुछ शर्तों पर पूरे हों।

## दीपिका पादुकोण की फिल्म पद्मावत सिनेमाघरों में फिर हो रही रिलीज

संजय लीला भंसाली की फिल्मों की बात कुछ अलग होती है। उनकी मूवीज में एक्टर के साथ सीन में नजर आ रहा हर एलिमेंट एक अलग कहानी कह रहा होता है। भंसाली अपने ग्रैंड सेट्स के लिए भी काफी मशहूर हैं। ऐसी ही एक फिल्म अब सिनेमाघरों में पहुंचने वाली है जिसका नाम पद्मावत है। इसे पहली रिलीज के 7 साल बाद इसे फिर से सिल्वर स्क्रीन पर उतारा जा रहा है।

वॉयकॉम 18 स्टूडियो और भंसाली प्रोडक्शन ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर हाल ही में एक पोस्ट शेयर किया है। पोस्ट में पीरियड ड्रामा फिल्म का पोस्टर शेयर कर उसकी री-रिलीज का ऐलान किया गया है। वॉयकॉम 18 स्टूडियो के मुताबिक, पद्मावत फिल्म 24 जनवरी 2025 को फिर से बड़े पर्दे पर रिलीज की जाने वाली है। फिल्म को देखने के लिए फैंस काफी एक्साइटेड हैं और कमेंट में जमकर अपने रिएक्शन दे रहे हैं।पद्मावत की टक्कर की अक्षय कुमार की फिल्म स्काई फोर्स ने होने वाली है। 2018 में जब पद्मावत रिलीज हुई तो इससे हर तरफ तहलका मचा दिया था।

## खूब जमेगा रंग जब शादी के मंडप में होगी जंग, यामी गौतम-प्रतीक गांधी स्टारर एक्शन-कॉमेडी से भरपूर धूम धाम का टीजर आउट


एक्शन-कॉमेडी से भरपूर यामी गौतम और प्रतीक गांधी स्टारर धूम धाम का टीजर आउट हो चुका है। एक मिनट 31 सेकंड के टीजर में एक्शन के साथ कॉमेडी भी देखने को मिली जहां फिल्म



के मुख्य किरदार (यामी और प्रतीक) दुश्मनों को मजा चखाते नजर आए।फिल्म मेकर्स ने ऑनलाइन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर टीजर को लॉन्च किया।टीजर की शुरुआत प्रतीक और यामी के साथ बैठने और बैकग्राउंड में लाल दुपट्टे वाली जरा नाम तो बता गाने के साथ होती है। इसके बाद उनके कमरे में गुंडे घुस जाते हैं। चारों ओर गोलियों की बौछार के साथ टीजर में एक्शन का तड़का दिखता है।फिल्म में एक्शन के साथ कॉमेडी का मिक्सअप कमाल का है। 14 फरवरी को नेटफ्लिक्स पर रिलीज को तैयार फिल्म दर्शकों को रोमांचक सफर पर ले जाने का वादा करती है।धूम धाम में कोयल (यामी गौतम) गुस्सैल और साहसी लड़की के किरदार में हैं। वहीं, प्रतीक डरपोक लड़के के किरदार में हैं। टीजर से पहले 'धूम धाम' मेकर्स ने फिल्म का मजेदार फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया था।नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के पोस्टर के साथ मजेदार कैप्शन देते हुए लिखा था, रिश्ते के लिए हमें डीएम (डायरेक्ट मैसेज) ना करें क्योंकि हमारी शादी 'धूम धाम' से होने वाली है।सोशल मीडिया पर अखबार के डिजाइन में साझा पोस्टर में एक तरफ यामी गौतम और दूसरी तरफ अभिनेता प्रतीक गांधी की तस्वीर लगी है।

## अक्षय कुमार की फिल्म स्काई फोर्स का नया गाना तू है तो मैं हूं हुआ रिलीज

अक्षय कुमार पिछले काफी समय से अपनी आगामी फिल्म स्काई फोर्स को लेकर चर्चा में ने हुए हैं। उन्होंने लंबे समय से हिट फिल्म का मुंह नहीं देखा है। अब अक्षय को स्काई फोर्स से बड़ी उम्मीदें हैं।




देशभक्ति से भरपूर फिल्म का ट्रेलर पहले ही रिलीज हो चुका है, वहीं अब निर्माताओं ने स्काई फोर्स का नया गाना तू है तो मैं हूं जारी कर दिया है।इस गाने को अरिजीत सिंह और अफसाना खान ने मिलकर गाया है।तू है तो मैं हूं गाने में वीर पहाड़िया और सारा अली खान की खूबसूरत जोड़ी देखने को मिल रही है।वीर अपने जुनूनी अवतार से पाकिस्तान की ईंट से ईंट बजाने के लिए तैयार हैं। सारा फिल्म में उनकी पत्नी की भूमिका में हैं। फिल्म में निमरत कौर भी अहम भूमिका में हैं।यह फिल्म 24 जनवरी, 2025 को यानी गणतंत्र दिवस के खास मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।अक्षय कुमार और निमरत कौर स्काई फोर्स से पहले साल 2016 में रिलीज हुई फिल्म एयरलिफ्ट में एक-दूसरे के साथ काम कर चुके हैं।

# कांपते हाथों से आईलाइनर कैसे लगाएं? इन ट्रिक्स से अप्लाई करें परफेक्ट आईलाइनर



चेहरे की खूबसूरती में आंखें चार चांद लगाती हैं. आंखों को ज्यादा अट्रैक्टिव बनाने के लिए महिलाएं आईलाइनर का इस्तेमाल करती हैं. इसे लगाने से न केवल आंखें खूबसूरत नजर आती हैं बल्कि देखने में बड़ी भी लगती हैं. कॉलेज हो या फिर ऑफिस बहुत सारी लड़कियां और महिलाएं डेली रूटीन में भी आईलाइनर लगाना पसंद करती हैं. लेकिन कुछ लोगों के आईलाइनर लगाते समय हाथ कांपते हैं. अगर आपके साथ भी ऐसा होता है तो आप यहां बताई ट्रिक्स को अपनाकर परफेक्ट आईलाइनर लगा सकती हैं. आइए जानते हैं इसके बारे में.

### फ्लैग स्टीकर का करें यूज

अगर आपके हाथ भी लाइनर लगाते समय कांपते हैं या फिर आप खुद से आईलाइनर अप्लाई नहीं कर पाते हैं, तो आपको फ्लैग स्टीकर का यूज करना चाहिए. इससे आईलाइनर लगाना आसान हो जाता है.

### लिक्विड की जगह लगाएं पेंसिल आईलाइनर

अगर आपको लाइनर लगाना सही से नहीं आता है तो हमेशा पेंसिल आईलाइनर का इस्तेमाल करें. क्योंकि शुरुआत में लिक्विड लाइनर को लगाना थोड़ा मुश्किल हो सकता है.

### छोटे-छोटे हिस्सों में लगाएं

आईलाइनर लगाने में जल्दबाजी बिल्कुल न करें. इससे यह खराब हो सकता है. इसलिए हमेशा छोटे-छोटे हिस्सों में आई लाइनर लगाएं.

### कोहनी का सहारा लेकर लगाएं आईलाइनर

हाथ कांपने पर कोहनी का सहारा लेकर आईलाइनर लगाएं. इससे आपके हाथ स्थिर रहेंगे. अपने हाथों को रिलैक्स रखें और आराम से आंखों पर आईलाइनर लगाएं.

# अगर एक महीने तक दूध वाली चाय छोड़ देंगे तो शरीर में दिखेंगे ये बदलाव, यकीन नहीं करेंगे आप!

आजकल ज्यादातर लोगों की सुबह की शुरुआत चाय से होती है. अगर सुबह की शुरुआत एक कप गर्म दूध वाली चाय से होती है तो पूरा दिन फ्रेश- फ्रेश महसूस होता है. लेकिन क्या आपको पता हैं कि दूध वाली चाय आपकी सेहत पर क्या असर डाल सकती है? अगर आप एक महीने दूध वाली चाय नहीं पीते हैं तो आपके शरीर में किस तरह के बदलाव देखने को मिल सकते हैं आइए जानते हैं एक्सपर्ट से इसके बारे में विस्तार से...

अगर आप एक महीने तक दूध वाली चाय नहीं पीयेंगे तो क्या होगा-

### मोटापा कम हो सकता है

अगर आप एक महीने तक दूध वाली चाय नहीं पीते हैं तो इससे आपका वजन कम करने में मदद मिलेगी. क्योंकि दूध वाली चाय में मौजूद कैलोरी और चीनी वजन बढ़ने का एक बड़ा कारण है. दूध वाली चाय कम करने से आपका कैलोरी का सेवन कम हो जाएगा, जिससे वजन घटाने में मदद मिलेगी.

### पाचन में सुधार होगा

दूध वाली चाय में मौजूद कैफीन और टैनिन आपके पाचन को स्लो कर सकते हैं और एसिडिटी की समस्या को बढ़ा सकते हैं. ऐसे में दूध वाली चाय कम पीने से आपका पाचन तंत्र बेहतर हो सकता है और एसिडिटी की समस्या कम होती है.

### स्किन हेल्दी और चमकदार दिखेंगे

अगर आप एक महीने तक दूध वाली चाय नहीं पीते हैं तो आपके स्किन हेल्दी और चमकदार दिखते हैं. दूध वाली चाय में मौजूद शुगर



त्वचा को नुकसान पहुंचा सकती है और मुंहासे पैदा कर सकती है. ऐसे में दूध वाली चाय कम पीने से आपकी त्वचा स्वस्थ और चमकदार दिखेगी.

### दिल के लिए फायदेमंद

दूध वाली चाय पीने से भी हृदय रोग का खतरा बढ़ सकता है. इसलिए दूध वाली चाय न पीने से हृदय स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है.

# मां नर्मदा प्रकटोत्सव व नर्मदापुरम गौरव दिवस धूमधाम से मनाने के लिए तैयारी हुई तेज

## विविध रंगों से सज रहे मां नर्मदा के पावन तट के घाट और देवालय आकर्षक चित्रों से महाकुंभ के नजारे और समुद्र मंथन को दर्शाने का प्रयास



नर्मदापुरम( निप्र)। फरवरी के प्रथम सप्ताह में मां नर्मदा के प्रकटोत्सव व नर्मदापुरम के गौरव दिवस को भक्ति भाव व धूमधाम से मनाने के लिए नगर पालिका की टीम जुट गई है। मां नर्मदा के प्रकटोत्सव तथा शहर के गौरव दिवस को दिव्य और भव्य बनाने के लिए नर्मदा तट के प्रसिद्ध घाटों की सीढियो, दीवारों व देवालयों को सुसज्जित किया जा रहा है। घाट की दीवालों पर प्रयागराज में जारी महाकुंभ के दृश्य और समुद्र मंथन जैसी लीलाओं के चित्र उकेरे जा रहे हैं।

### प्रकटोत्सव को भव्यता से मनाएंगे

नपा की उपयंत्री प्रतिमा बेलिया ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव के मार्गदर्शन में एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देशन में मां नर्मदाजी के प्रकटोत्सव और नर्मदापुरम के गौरव दिवस को भव्यता के साथ मनाया जाएगा। सभी घाटों की मनभावन रंगों से पुताई कराई जा रही है। घाटों को और अधिक आकर्षक करने के लिए बारीकियों पर ध्यान दिया जा रहा है।

### प्रयागराज के महाकुंभ की दृश्यावली

नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने बताया कि उप्र प्रदेश में प्रयागराज में जारी महाकुंभ के नजारे की दृश्यावली को मां नर्मदा के तट के घाटों पर दिखाए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। चित्रों के माध्यम से घाटों की दीवारों पर महाकुंभ के दृश्य उकेरे जाएंगे। चित्रों को बनाने के लिए विशेषज्ञों की मदद ली जा रही है।

### समुद्र मंथन की पेटिंग

नपाध्यक्ष श्रीमती यादव ने बताया कि दीवारों पर समुद्र मंथन से संबंधित पेंटिंग्स भी बनाई जा रही है। हमारा नगर धार्मिक नगर है इसलिए हरेक दिशा में अध्यात्म से संबंधित पेटिंग्स बनाई जाएंगी। जो कि यहां के श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित करेगी।

### 'स्वच्छता पर रहेगा फोकस

नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने बताया कि मां नर्मदा के प्रकटोत्सव और नगर के गौरव दिवस मनाने के लिए तैयारी जारी है। नागरिकों से आग्रह है कि घाटों पर किसी भी प्रकार की गंदगी न करें। स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कलेक्टर सोनिया मीना को मिलेगा पुरस्कार

नर्मदापुरम (निप्र)। आगामी 25 जनवरी 2025 को 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सोनिया मीना को लोकसभा निर्वाचन-2024 में विशेष श्रेणी पुरस्कार (आई.टी., इनिशिएटिव और स्वीप गतिविधियों के लिए) तथा समग्र रूप से निर्वाचन में उत्कृष्ट कार्य किये जाने हेतु सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार उन्हें मध्य प्रदेश के राज्यपाल द्वारा मुख्यालय स्तर के कार्यक्रम में प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर, भोपाल में प्रात: 10:00 बजे होगा।

## जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा, प्रभारी मंत्री सहित वरिष्ठ नेताओं से की मुलाकात





नर्मदापुरम( निप्र)। भारतीय जनता पार्टी की जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने गुरुवार को भोपाल पहुंचकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा से मुलाकात की। इसके साथ ही श्रीमती शुक्ला ने प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, लोक निर्माण विभाग मंत्री एवं नर्मदापुरम जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह से प्रदेश भाजपा कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। प्रदेश अध्यक्ष ने उनका मुंह मीठा किया। इस अवसर पर श्रीमती प्रीति शुक्ला ने प्रदेश अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। श्रीमती शुक्ला ने संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय और जनकल्याणकारी दिशा में अग्रसर करने के अपने संकल्प को दोहराया। प्रदेश अध्यक्ष सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने श्रीमती प्रीति शुक्ला को शुभकामनाएं दीं और संगठन को मजबूत करने के लिए अपने अनुभव और मार्गदर्शन का भरोसा दिलाया।

# पेयजल पाइप लाइन फोड़ने पर मोबाइल कंपनी पर एफआईआर दर्ज करने दिया आवेदन

## नगर की समस्या को लेकर एसडीओपी टीआई से मिले विधायक प्रतिनिधि पार्षद और प्रतिनिधि



नर्मदापुरम (निप्र)। नगर की समस्याओं को लेकर विधायक प्रतिनिधि पार्षद और पार्षद प्रतिनिधि एसडीओपी पराग सैनी और टीआई सौरभ पांडेय से मिले। सभी ने शहर में व्याप्त समस्याओं के निराकरण हेतु चर्चा की। वहीं नगर में बिना अनुमति के डाली जा रही मोबाइल केबल लाइन द्वारा पेयजल पाइप लाइन फोड़ने पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई है। वहीं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा सिटी कोतवाली में आवेदन देकर नगर में लापरवाहीपूर्वक डाली जा रही केबल लाइन से पेयजल सप्लाई की पाइप लाइन फूटने पर भारतीय एयर कंपनी लिमिटेड पर एफआईआर दर्ज करने और क्षतिपूर्ति राशि वूसलने हेतु आवेदन दिया है। नगरपालिका में विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव ने बताया कि इंदौर की भारतीय एयर कंपनी द्वारा नगर में लापरवाहीपूर्वक केबल लाइन डाली जा रही है। जिससे नगर में मुख्य पेयजल पाइप लाइन फूट गई है। जिसके चलते नगर के अनेक वार्डों में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है। भारतीय एयर कंपनी लिमिटेड पर मरम्मत की राशि वसूलने और एफआईआर दर्ज कराने आदि को लेकर एसडीओपी टीआई से मिले थे। वहीं अतिक्रमण दल को पुलिस बल उपलब्ध कराने हेतु भी आग्रह किया है। नगरपालिका द्वारा पेयजल सप्लाई जारी रखने के लिए टैंकर से पानी सप्लाई की जा रही है। 'इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, भाजपा नेता हंस राय, मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत, पार्षद राजेंद्र उपाध्याय, गणेश बाबरिया, बंटी परिहार, पार्षद प्रतिनिधि सेट्टी चौकसे, अतुल भंडारी, पेयजल शाखा के आफिस खान उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया नव निर्वाचित अध्यक्षा का स्वागत



इटारसी। नर्मदापुरम( निप्र)। गत दिवस श्री गौड़ मालवीय ब्राह्मण समाज संगठन इटारसी के महिला मंडल संगठन अध्यक्ष पद हेतु निर्वाचन आयोजित हुए जिसमें श्रीमती अर्चना राजेश मालवीय को अध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष निर्वाचित होने पर मालवीय श्रीगौड़ ब्राह्मण समाज महासभा सम्पूर्ण भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्जुन मालवीय, नर्मदापुरम संगठन अध्यक्ष राजेन्द्र मालवीय भगतजी, उपाध्यक्ष माखन मालवीय उपाध्यक्ष राजेंद्र मालवीय एवं नर्मदापुरम समाज संगठन के पदाधिकारियों ने इटारसी पहुंच कर बधाई प्रेषित की। बधाई कार्यक्रम में गया प्रसाद मालवीय शिक्षाविद नर्मदा प्रसाद राम कुमार मालवीय त्रिलोक सुरेन्द्र संतोष हरीश मालवीय शिवकांत राकेश मालवीय ब्रिजेश मालवीय रितेश मनोज शीला मालवीय ममता मालवीय किरण मालवीय रीना मालवीय एवं अन्य सामाजिक सदस्य उपस्थित रहे।

## जिला दण्डाधिकारी ने 02 अद्यतन अपराधियों को किया जिला बदर

नर्मदापुरम ( निप्र)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना ने म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत 02 प्रकरणों में आदेश पारित करते हुए 02 अपराधियों को 01 वर्ष की अवधि के लिए जिला बदर किया है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नर्मदापुरम सुश्री मीना द्वारा साजिद खान उर्फ नानू पिता सलीम खान निवासी जुमेराती नर्मदापुरम एवं मज्जू उर्फ अजहर पिता जफर/जफर दाद खान निवासी जुमेराती नर्मदापुरम थाना नर्मदापुरम को नर्मदापुरम एवं उससे लगे सीमावर्ती जिलों की राजस्व सीमाओं से 01 वर्ष की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है।

# तिलक सिंदूर का मेला प्रशासन एवं मेला समिति के सहयोग से सुचारू रुप से आयोजित किया जाएगा : कमिश्नर श्री तिवारी

## महाशिवरात्रि मेले से पूर्व मंदिर के आसपास जीणोद्धार एवं रेलिंग एवं सीढ़ियों की मरम्मत का कार्य किया जाएगा





नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर के जी तिवारी एवं कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना गुरुवार को तिलक सिंदूर मंदिर पहुंचे , यहां उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों एवं मेला समिति के अध्यक्ष नारायण के साथ आगामी महाशिवरात्रि मेला की तैयारी के संबंध में चर्चा की। कमिश्नर श्री तिवारी ने कहा कि महाशिवरात्रि का मेला जो प्रतिवर्ष तिलक सिंदूर मंदिर के प्रांगण में आयोजित किया जाता है। मेला अवधि से पूर्व जीणोद्धार के कार्य कराए जाएंगे। मंदिर तक जाने वाली सीढिओ को ठीक कराया जाएगा। रेलिंग भी सुधारा जाएगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी प्रशासन एवं मेला समिति मिलकर महाशिवरात्रि मेले की सभी तैयारियां पूर्ण करेंगे एवं मेला सफल एवं सुचारु रूप से आयोजित किया जाएगा। कमिश्नर ने कहा की यदि तिलक सिंदूर मेला समिति मेला आयोजन करने में सक्षम है तो भी प्रशासन का सहयोग आवश्यक है। पेसा एक्ट में जो अधिकार दिए गए हैं उसे लागू करना हमारी प्राथमिकता है। लेकिन भीड़ में अव्यवस्था या कोई दुर्घटना ना हो इसलिए प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्था रहेगी। कलेक्टर सोनिया मीना ने कहा कि मेला समिति अधिक प्रभावशील नहीं है। इसलिए महाशिवरात्रि के मेले के सफल आयोजन के लिए प्रशासन का आवश्यक सहयोग आवश्यक है और प्रशासन पूरे मेला अवधि में उपस्थित रहकर सुरक्षा व्यवस्था से लेकर अन्य तैयारी में अपना सहयोग प्रदान करेगा। एसडीएम इटारसी प्रतिक राव ने बताया कि पार्किंग एवं दुकानों के टेंडर से आय की प्राप्ति होती है जिसका उपयोग मंदिर हित के कार्य में किया जाता है। बताया गया कि प्रतिदिन 200 से 300 श्रद्धालु एवं छुट्टी के दिन एक हजार से अधिक तथा धार्मिक आयोजनों के दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु तिलक सिंदूर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ के दर्शन करते हैं। बताया गया कि गत वर्ष मेले के आयोजन से 3 लाख का प्रॉफिट प्राप्त हुआ था जिसका उपयोग सीसीटीवी लगाने एवं अन्य कार्य में किया गया। श्री राव ने बताया कि मंदिर के गर्भ ग्रह के लिए भी कार्य योजना बनाई गई है। सीढ़ियां एवं रेलिंग भी ठीक किया जाएगा। बिजली की समस्या है जिसे भी दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। मेला समिति के वॉलिंटियर्स भी भोजन एवं अन्य व्यवस्था में आवश्यक सहयोग करते हैं। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने अवगत कराया की तिलक सिंदूर वन विभाग की जमीन पर है वही कुछ एकड़ राजस्व की जमीन भी है। कमिश्नर ने एसडीएम प्रतिक राव को निर्देश दिए कि वे मेला समिति के साथ बैठक कर एक बेहतर कार्य योजना बनाकर मेला की सभी तैयारियां पूर्ण कराए साथ ही बैठक में मेला समिति को आगामी मेले का आयोजन हैंडोवर करने की भी समीक्षा करें। यदि मेला समिति या ग्राम पंचायत मेला अवधि के दौरान मेला संचालन करना चाहते हैं तो एसडीएम बैठक करके उसका भी निराकरण एवं समाधान कारक प्लान तैयार करें। समिति के अध्यक्ष श्री नारायण ने बताया कि समिति मेला चला लेगी लेकिन इसके सुपरविजन के लिए प्रशासन का आवश्यक सहयोग अपेक्षित है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह रावत ने बताया कि मेला के दौरान शौचालय एवं पेयजल की भी पर्याप्त व्यवस्था की जाती है। एसडीएम प्रतिक राव ने बताया कि एमपी टूरिज्म को भी मेला विस्तारीकरण का प्रस्ताव प्रेषित किया गया है।

## ग्राम बमूरिया में वेद प्रवचन एवं संत समागम कार्यक्रम संपन्न

नर्मदापुरम डोलरिया (निप्र)। ग्राम बमूरिया में बुधवार को वेद प्रवचन एवं संत समागम का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ब्रह्मचारी देवराजसिंह राजपूत सचिन और वशिष्ठ के गुरूजी आचार्य सत्यजीत सहित देश भर से आए संतों ने वेद पर अपने अपने विचार रखे तथा उन्हें अध्ययन करने के लिए हेतु आग्रह किया गया। इस अवसर पर आर्य वानप्रस्थ साधक आश्रम गुजरात के मुनि आचार्य सत्यजीत ने कहा कि ईश्वर में बहुत सारे गुण हैं हम उनका एक गुण भी याद रहे तो हमारे जीवन से बुराई दूर हो सकती है। ईश्वर के गुण न्यायकारी है। ईश्वर का एक ऐसा गुण जिसमें सभी समाहित हो जाते हैं। कार्यक्रम से पूर्व विद्वानों की भव्य शोभायात्रा निकालकर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में आचार्य शीतल ने भी अपने विचार रखते हुए आशीर्वाद वचन प्रदान किए। कार्यक्रम का संचालन योगाचार्य रघुवीर सिंह राजपूत ने किया। सभी विद्वानों का परिचय आनंद पुरुषार्थी ने कराया। निर्भयसिंह राजपूत ने देश भर से आए विद्वानों का आभार माना। गजेंद्रसिंह राजपूत द्वारा सभी विद्वानों को भोजन प्रसादी ग्रहण कराई। इस अवसर पर दिल्ली से आए भद्रकामवारिणी, गुजरात के आचार्य अजय, स्वामी सत्येंद्र, प्रोफेसर नरेश कुमार धीमान, सहित अनेक संत महात्मा संयासी, वानप्रस्थी आचार्य, ब्रह्मचारीगणों सहित गांव के लोग उपस्थित थे।

## नगरीय क्षेत्रों के सर्वेक्षण हेतु नगरीय निकाय स्तरीय समवय समिति गठित

नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता (भू-सर्वेक्षण तथा भू-अभिलेख) नियम, 2020 के अंतर्गत नगरीय क्षेत्रों के सर्वेक्षण हेतु नगरपालिका परिषद माखननगर के नक्शा निर्माण एवं अभिलेख निर्माण के कार्य के क्रियान्वयन एवं सतत् निगरानी के लिए नगरीय निकाय स्तरीय समन्वय समिति का गठन किया गया है।

जारी आदेशानुसार नगरीय निकाय स्तरीय समन्वय समिति में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नर्मदापुरम अध्यक्ष एवं मुखाय नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद माखननगर, आकाश तिवारी (अध्यक्ष नगरपालिका परिषद माखननगर द्वारा नामांकित), सुरेश अग्रवाल (अध्यक्ष नगरपालिका परिषद माखननगर द्वारा नामांकित) सहायक ई-गवर्नेंस प्रबंधक, मनोज पंत (प्रोजेक्ट मेनेजर), दीपक चौहान (सर्वे एकस्पर्ट) सदस्य, तथा तहसीलदार / नायब तहसीलदार (सहायक सर्वेक्षण अधिकारी) सदस्य सचिव रहेंगे।

## कमिश्नर और कलेक्टर ने विस्थापित ग्राम नया झालई एवं नया साकई में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

### सिंचाई एवं पानी की समस्या दूर करने के लिए ग्रामीणों के खेत में खेत तालाब बनाने के दिए निर्देश

नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम कमिश्नर के जी तिवारी एवं कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना गुरुवार को केसला विकासखंड के दूरस्थ विस्थापित वन ग्राम नया झालाई एवं नया साकई पहुंचे। नया झालई एवं नया साकई के ग्रामीण कमिश्नर एवं कलेक्टर को अपने बीच पाकर अत्यधिक प्रसन्न हुए। कमिश्नर एवं कलेक्टर ने ग्राम में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को धैर्य पूर्वक सुना और उनकी समस्याओं का मौके पर निराकरण किया। ग्रामीणों ने इस दौरान कमिश्नर एवं कलेक्टर को अपनी विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। ग्राम चौपाल में आए ग्राम वासियों ने कमिश्नर को बताया कि ग्राम में पानी की बहुत समस्या है बार-बार बोर करने पर भी बोर फेल हो जाते हैं। जिससे सिंचाई के लिए पानी की अनुपलब्धता की स्थिति हमेशा बनी रहती है। ग्राम वासियों ने मांग की की तवा नहर जमानी तक आई हुई है। जमानी से यहां तक नहर बनाकर पानी दिया जाए। कमिश्नर श्री तिवारी ने ग्राम वासियों को अवगत कराया की जमानी से यहां तक नहर का पानी लाने में काफी समय लग जाएगा इसकी अपेक्षा उन्होंने सभी किसानों के खेत में खेत तालाब बनाने के निर्देश दिए और कहा कि खेत तालाब से किसान को वर्ष भर पानी मिलेगा और इससे वह अपनी सिंचाई भी सुचारू रूप से कर सकेंगे। नया झालई के ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर 37 परिवार तेंदूपत्ता तोड़ने के कार्य में संलग्न हैं। लेकिन तेंदूपत्ता का फड ग्राम माना में लगता है जो यहां से 3 किलोमीटर दूर है। तेंदूपत्ता का फड 3 किलोमीटर दूर उबड खाबड़ रास्ते से ले जाने में दिक्कत होती है। ग्रामीणों ने मांग की की तेंदूपत्ता का फड ग्राम झालई में ही बनाया जाए। कमिश्नर ने उक्त मांग का एसडीओ वन विभाग को परीक्षण करने के निर्देश दिए और कहां की 50 हजार मानक बोरा के मान से फड लगता है तो ग्राम माना में इससे ज्यादा फड लगता होगा तो उसे यहां समायोजित करते हुए अगली बार से तेंदूपत्ता का फड ग्राम झालई में लगाकर तेंदू पत्ता ग्राम से ही खरीदा जाए।


### परिवहन विभाग की अनूठी पहल

## सांसद एवं नपाध्यक्ष ने की बाइक सवारों से अपील निशुल्क हेलमेट वितरण कर बाइक सवारों को दिया जीवन रक्षा का संदेश




नर्मदापुरम(निप्र)। गुरूवार 23 जनवरी 2025 को सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत परिवहन विभाग द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न सड़क सुरक्षा कार्यक्रमों के तहत नर्मदापुरम शहर के प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज के सामने निशुल्क हेलमेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद श्रीमती माया नारोलिया एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू यादव, मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत ग्रामीण मंडल अध्यक्ष, रोहित गौर मुख्य भूमिका में शामिल हुए। आरटीओ अधिकारी श्रीमती निशा चौहान के नेतृत्व में समस्त परिवहन विभाग, शोरूम संचालक, स्कूल संचालक शामिल हुए। जिनके द्वारा सड़क पर बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले बाइक सवारों को रोक कर समझाइए देते हुए एवं हेलमेट के लाभ को बताते हुए हेलमेट वितरण किया गया, सड़क सुरक्षा माह में किए गए इस निशुल्क हेलमेट वितरण कार्यक्रम में लगभग 75 हेलमेट बांटे गए। सांसद नगर पालिका अध्यक्ष एवं आरटीओ अधिकारी के द्वारा बाइक सवारों को हेलमेट न पहनने से होने वाले नुकसान बताए गए जिसमें यह बताया गया कि बिना हेलमेट के गाड़ी चलाने पर होने वाली दुर्घटना में सर्वप्रथम सिर पर चोट आती है जिससे दुर्घटना होने पर मृत्यु होने की संभावना प्रबल होती है, इसलिए हेलमेट पहनने से सिर पर लगने वाली चोट से बचाव किया जा सकता है और अपने तथा अपने आसपास के लोगों को हेलमेट के प्रति जागरूक कर दुर्घटना से बचने के लिए जागरूक किया जाना चाहिए। सांसद एवं नपा अध्यक्ष ने की लोगों से हेलमेट पहनने की अपील - सांसद श्रीमती माया नारोलिया एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू यादव ने लोगों से अपील किया कि बाइक चलाते समय हेलमेट का उपयोग आवश्यक रूप से करें क्योंकि 90त्न दोपहिया दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की मृत्यु सिर पर चोट लगने के कारण होती है अत: हेलमेट का उपयोग करने से सिर में लगने वाली चोटों से बचाव किया जा सकता है। इसलिए हेलमेट का उपयोग कर अपनी सुरक्षा स्वयं करें एवं आसपास के लोगों को हेलमेट के प्रति जागरूक कर उन्हें भी हेलमेट के लाभ बताएं। निशुल्क हेलमेट वितरण के दौरान बिना हेलमेट पहने बाइक सवारों पर सर्वप्रथम चालानी कार्यवाही की गई तथा भविष्य में कोई दुर्घटना न हो इसके लिए निशुल्क हेलमेट दिए गए, कुल 25 बाइक सवारों पर कार्यवाही करते हुए 12500 हजार का राजस्व वसूला गया।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 ( नर्मदापुरम मो. 9926434695 ) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com



## 300वें जन्म जयंती वर्ष पर

### नारी सशक्तिकरण की आलोक स्तंभ

# लोकमाता अहिल्याबाई होलकर

### के प्रति सम्मान स्वरूप पवित्र नगरी महेश्वर में

# मध्यप्रदेश मंत्रिपरिषद की बैठक

अध्यक्षता

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

एवं

## ₹983 करोड़ की महेश्वर जानापाव उद्वहन सिंचाई परियोजना का

# शिलान्यास



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

**24 जनवरी, 2025 । पूर्वाह्न 11:00 बजे**

"लोकमाता अहिल्या देवी का जीवन धार्मिकता, त्याग और करुणा का प्रतीक रहा है। वह एक कुशल शासिका, आदर्श नारी और माता थीं, जिनकी कर्तव्यपरायणता, सुशासन, दानशीलता जैसे गुण हमें सद्मार्ग और सुशासन के जरिए लोक-कल्याण की असीम ऊर्जा और प्रेरणा देते हैं। उनके व्यक्तित्व की आभा से पूरा समाज आज भी उन्हें अत्यंत श्रद्धा से याद करता है।"

-डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents | @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh | @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP | JansamparkMP

D-11164/24

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025